


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 24 अगस्त 2024 ■ भाद्र कृष्ण पक्ष-05 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-146 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 25 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### बलौदाबाजार हिंसा: विधायक के 6 सहयोगी हिरासत में

**दुर्ग, 24 अगस्त।** बलौदाबाजार पुलिस ने भिलाई में फिर से छापेमारी की है. पुलिस ने खुर्सीपार के 6 लोगों को हिरासत में में लेकर जेल भेज दिया है. हिंसा मामले में सभी से पुलिस पूछ्ताछ कर रही है. पुलिस ने इन सभी को बलौदाबाजार हिंसा में संलिप्तता के आधार पर गिरफ्तार किया है. ये सभी विधायक देवेंद्र यादव के करीबी बताए जा रहे हैं. जानकारी के अनुसार, बलौदाबाजार पुलिस ने देर रात 1 बजे भिलाई के खुर्सीपार इलाके में छापा मारा. इस दौरान 6 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया. वहीं एक युवक अब भी फरार है. हिरासत में लिए 6 लोगों में से पांच लोगों का नाम सामने आया है, जिसमें योगेश नौरंगे, दिनेश बांधे, हेमंत खुटे, अविनाश खुटे, वीरेंद्र गायकवाड है. वहीं एक युवक कोमल धृतलहरे को पुलिस नहीं पकड़ पाई है. बताया जा रहा है कि बलौदाबाजार हिंसा में विधायक के साथ इनकी भी संलिप्तता पाई गई है. फिलहाल, सभी लोगों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है.

### शाह ने पत्नी के साथ किए महाप्रभु वल्लभाचार्य के दर्शन

**रायपुर,24 अगस्त।** देश के गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को अपनी पत्नी सोनल शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ नवापारा शहर से लगे चम्पारण धाम पहुंचे. यहां उन्होंने चंपेश्वर महादेव में जलाभिषेक किया और महाप्रभु वल्लभाचार्य के दर्शन किए.

### शिखर धवन ने अचानक लिया क्रिकेट से संन्यास

**नई दिल्ली,24 अगस्त।** शिखर धवन ने इंटरनेशनल और डोमेस्टिक क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला कर लिया है। 24 अगस्त की सुबह-सुबह सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो पोस्ट करते हुए उन्होंने रिटायरमेंट का ऐलान किया। 'गब्बर' के नाम से मशहूर बाएं हाथ का यह बल्लेबाज लंबे समय से टीम से बाहर चल रहा था। शुभमन गिल सरीखे युवा ओपनर्स के आने के बाद से उनकी टीम में वापसी मुश्किल नजर आ रही थी। वह आईपीएल खेलेंगे या नहीं इस बारे में फिलहाल कोई अपडेट नहीं है। लगभग 39 साल के हो चुके शिखर धवन ने भारत के लिए सबसे पहली बार 2010 में वनडे क्रिकेट खेला था, इसके बाद टी-20 और फिर टेस्ट फॉर्मेट में डेब्यू का मौका मिला।

### पानी टंकी के स्टैंड में फांसी लगाकर महिला ने दी जान

**बीजापुर,24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक महिला ने खुदखुशी कर ली. महिला ने सोलर पानी टंकी के स्टैंड में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान ढालेश्वरी सोढ़ी (50 वर्ष) के रूप में की गई है. महिला बीते एक साल से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी और उनका इलाज भी जारी था. वह एक साल में पहले भी 2 बार और आत्महत्या करने की कोशिश कर चुकी है.




# नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने रणनीति पर मंथन

## जुटे 7 राज्यों के मुख्य सचिव,डीजीपी व पुलिस अधिकारी

**रायपुर,24अगस्त।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में इंटर स्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक शुरू हो गई है। बैठक में 7 राज्यों के मुख्य सचिव और डीजीपी मौजूद हैं। नक्सल मोर्चे पर काम कर रही सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुख और सीएम साय सहित डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी मौजूद हैं। वहीं बैठक में नक्सलियों के खातमे के लिए केंद्र से राज्यों को और कैसे सहयोग मिले इस पर भी विचार किया जाएगा. बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित हैं. इसके अलावा बैठक में छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश,आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हैं. जानकारों का कहना है कि केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार का फोकस अब बस्तर में नक्सलों की बची-खुची ताकत को भी खत्म करने या कमजोर करने पर है. अब सुरक्षा बलों के निशाने पर नक्सलियों के बड़े नेता और माओवादियों की मिलिट्री कंपनी और बटालियन होंगी. क्योंकि ये गुट अभी भी सक्रिय हैं. केंद्रीय और राज्य की सारी खुफिया एजेंसियों, सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से इस काम को अंजाम तक पहुंचाने की तैयारी है. उल्लेखनीय है कि हाल के कुछ सालों में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस की कई सफलताएं मिली हैं, लेकिन उनकी सेंट्रल कमेटी के किसी सदस्य या किसी बड़े नेता को गिरफ्तार करने, उसके हथियारों की बड़ी जब्ती में अपेक्षित सफलता नहीं मिली है. नक्सलियों को सालों से देख रहे अधिकारियों का मानना है कि माओवादियों की असली ताकत उनकी मिलिटरी कंपनियां हैं, जिसमें फोर्स से लूटी गई एके-47, इंसास और एलएमजी से लैस ट्रेंड लड़ाके होते हैं. सुकमा, बीजापुर से लेकर नारायणपुर तक के जंगलों में नक्सलियों की ताकतवर मानी जाने वाली दो बटालियन अभी भी सक्रिय हैं. सूत्रों का कहना है कि अब केंद्र सरकार का फोकस नक्सलियों की कमर तोड़ने पर है.





**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय चंपारण पहुंचे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा साथ में मौजूद हैं। अमित शाह ने मंदिर में महाप्रभु वल्लभाचार्य के मुख्य प्राकट्य बैठक के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नवागांव हेलीपेड पहुंचे। उनके साथ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद हैं। सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ अभनपुर और राजिम के विधायकों ने हेलीपेड में अमित शाह का स्वागत किया। इसके बाद श्री शाह चंपारण के लिए रवाना हुए।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शुष्क दिवस घोषित

**रायपुर,24 अगस्त।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 26 अगस्त को राज्य सरकार ने प्रदेश में शुष्क दिवस घोषित किया है. इस अवसर पर प्रदेश भर में शराब की बिक्री और परोसने पर प्रतिबंध रहेगा. साथ ही जो भी व्यक्ति उल्लंघन करता है उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. इसको लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जानकारी साझा की है. सीएम विष्णुदेव साय ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा की, छत्तीसगढ़ शासन की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर 26 अगस्त को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है. इस दौरान प्रदेश में स्थित समस्त देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, होटल, बार, क्लब और भांग की फुटकर दुकानें बंद रहेंगी. निर्देश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. ' आबकारी विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश भी जारी किया गया है. आदेश के अनुसार, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन प्रदेश के सभी जिलों में स्थित देशी और विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेंट-बार, होटल-बार, क्लब आदि प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद रहेंगे. किसी भी प्रकार की मदिरा की बिक्री या परोसने की अनुमति नहीं होगी, चाहे वह लाइसेंसी प्रतिष्ठान हो या गैर-लाइसेंसीकृत स्थल. आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि गैर-लाइसेंसीकृत जगहों पर शराब की बिक्री या परोसने पर भी सख्त रोक रहेगी. इस निर्देश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें मदिरा का जब्तीकरण और दोषियों पर आपराधिक मामले दर्ज किए जाएंगे. शासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधिकारी इस आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें. किसी भी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री पर नजर रखने के लिए जिला कार्यालयों एवं संभागीय, राज्य स्तरीय उड़दस्ता और विशेष जांच दल भी गठित किए जाएंगे, जो जिले में स्थित शराब के अवैध संकलन स्थलों की जांच करेंगे.

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की तलाक के केस में टिप्पणी

# एक छत के नीचे अलग कमरे में सोना पति के साथ क्रूरता

**बिलासपुर,24 अगस्त।** पति-पत्नी के संबंधों में खटास के बाद पति ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर कर तलाक की गुहार लगाई थी। दोनों पक्षों के वकीलों के तर्क को सुनने के बाद डिविजन बेंच ने पति को विवाह विच्छेद की अनुमति दे दी है। तलाक की याचिका को स्वीकार करते हुए डिविजन बेंच ने अपने फैसले में महत्वपूर्ण टिप्पणी की है।

जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल की बेंच ने अपने फैसले में लिखा है कि एक ही छत के नीचे साथ रहने के बावजूद बिना किसी पर्याप्त कारण के पत्नी द्वारा घर के अलग कमरे में सोना भी पति के प्रति मानसिक क्रूरता है। डिविजन बेंच ने बेमेतरा के फैमिली कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। विवाद के बाद पति और घरवालों की समझाइश के बाद पत्नी साथ रहने को राजी हो गई फिर कुछ दिनों बाद फिर विवाद शुरू कर दिया। इस दौरान उसने उसने पति के साथ रहने से ही इन्कार कर दिया। इस पर स्वजनों ने सामाजिक बैठक बुलाई। कोई हल नहीं निकला और सुलह भी नही हुआ। मनमुटाव के चलते पति पत्नी एक ही छत के नीचे अलग-अलग कमरों में रहने लगे। पति-पत्नी के बीच विवाद को सुलझाने के लिए घर वालों ने पहल करते हुए दोनों पक्षों की कई बार बैठकें बुलाई। आखिर में कहा गया कि दोनों बेमेतरा में जाकर रहें। सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। जनवरी 2022 से दोनों साथ रहने लगे, लेकिन पत्नी यहां भी अलग कमरे में सोती थी। पत्नी के साथ वैवाहिक जीवन नहीं गुजारने के कारण मानसिक रूप से परेशान होकर पति ने हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 के तहत तलाक की डिक्री के लिए फैमिली कोर्ट में मामला दायर किया। पत्नी ने अपने लिखित बयान में आरोपों से इन्कार किया और पति का मामला खारिज करने की मांग की। पत्नी ने कोर्ट को बताया कि शादी की रात उनके शारीरिक संबंध बने। शादी के बाद अक्टूबर 2021 तक वह और उसके पति ने अच्छे माहौल में शांतिपूर्ण वैवाहिक जीवन बिताया। दोनों साथ रहते थे। जिरह के दौरान पत्नी ने बताया कि उसने पति को कहा था कि उसकी ममेरी बहन के साथ व्यवहार पसंद नहीं आया।

# जनाजे में नहीं होंगे शामिल, ना ही कब्रिस्तान में मिलेगी जगह

## असम गैंगरेप के आरोपी की मौत पर गांववालों का फैसला

**गुवहाटी,24 अगस्त।** असम में नाबालिग लड़की से बलात्कार का मुख्य आरोपी तफजुल इस्लाम शनिवार सुबह पुलिस हिरासत से कथित रूप से फरार हो गया और उसने नागांव जिले के धींग में एक तालाब में छलांग लगा दी जिससे उसकी मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था और उसे 'क्राइम सीन' का पता लगाने के लिए सुबह करीब साढ़े तीन बजे अपराध स्थल पर ले जाया गया था. पुलिस ने बताया, ''आरोपी तफजुल इस्लाम पुलिस हिरासत से फरार हो गया और तालाब में कूद गया. तत्काल तलाश अभियान शुरू किया गया और करीब दो घंटे बाद उसका शव बरामद किया गया.'' इस बीच आरोपी के पैतृक घर बोरभेटी के ग्रामीणों ने उसके अंतिम संस्कार भाग न लेने और गांव के कब्रिस्तान में उसे दफनाने की अनुमति न देने का निर्णय लिया है. स्थानीय निवासी सकलैन ने कहा, हमने तय किया है कि हम इस अपराधी के जनाजे में शामिल नहीं होंगे .. उसके परिवार को भी हमने समाज से अलग कर दिया है .. हम अपराधियों के साथ नहीं रह सकते है. वहीं एक अन्य स्थानीय असदउद्दीन अहमद ने कहा, आरोपी के कृत्य ने हमें शर्मसार कर दिया है. हमें पता चला कि अपराधी मर गया है तो हमने तय किया कि उसकी डेड बॉडी को हमारे कब्रिस्तान में जगह नहीं देंगे. उसके जनाजे में भी शामिल नहीं होंगे.नागांव के पुलिस अधीक्षक स्वप्निल डेका ने बताया कि आरोपी ने एक पुलिसकर्मी पर हमला किया, पुलिस हिरासत से भाग गया और तालाब में कूद गया. उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ को तुरंत सूचित किया गया, तलाशी अभियान शुरू किया गया और करीब दो घंटे बाद उसका शव बरामद किया गया. एसपी ने कहा कि पुलिसकर्मी भी घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अन्य दो आरोपी अभी भी फरार हैं और शुक्रवार रात कई जगहों पर छापेमारी के साथ तलाश जारी है. आपको बता दें कि धींग में बृहस्पतिवार शाम को तीन लोगों ने 14 वर्षीय लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया था. लड़की उस वक्त ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थी. आरोपी पीड़िता को घायल अवस्था में सड़क किनारे एक तालाब के पास छोड़ कर फरार हो गए थे। बाद में स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी. इससे पहले मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को कहा था कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. बराक घाटी के तीन जिलों का दौरा कर रहे सरमा ने शुक्रवार रात कहा था कि इस तरह के मामलों से निपटने में असम और बंगाल के बीच अंतर है. उन्होंने कहा, बंगाल में जब महिलाओं पर अत्याचार होता है, तो अपराधियों को संरक्षण दिया जाता है और पुलिस संदिग्ध कार्रवाई करती है. असम में एक नाबालिग लड़की के साथ जघन्य अपराध किया गया, आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया.

# हाईवे पर आत्महत्या का प्रयास, दिव्यांग को डायल 112 ने बचाया

**बिलासपुर,24 अगस्त।** एक दिव्यांग व्यक्ति हाईवे पर लेटकर खुदकुशी कर रहा था. इसकी सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंची और व्यक्ति को सुरक्षित बचा लिया. यह घटना राजीव गांधी चौक की है. मिली जानकारी के अनुसार, डायल 112 बिलासपुर को सूचना मिली हुई की थाना सिविल लाइन क्षेत्र में एक व्यक्ति आत्महत्या करने के नियत से राजीव गांधी चौक के पास बीच रोड में सोया हुआ है. जिसकी सूचना पर सिविल लाइन आरक्षक सूर्यकान्त राठौर और 112 चालक योगेश कौशिक 4 मिनट में मौके पर पहुंचे. जहां उन्होंने एक दिव्यांग व्यक्ति रोड में सोया हुआ देखा जो अपना नाम पता नहीं बता रहा था. सिर्फ आत्महत्या करने की बात कर रहा था. जिसके बाद टीम ने अपने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए व्यक्ति को अपने बातों में उलझते हुए पहले रोड से खींचकर किनारे लाया और शालीनता से बात करने पर वह अपना नाम पता बताया जिसे उसके घर में उसकी पत्नि और बेटे को सुपुर्द किया. उधर घर वाले उसे खोजकर परेशान थे जिसे देखकर उनके चेहरे में मुस्कान आई.

## विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन




**रायपुर,24 अगस्त।** विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में आज राजधानी सहित सभी जिलों में कांग्रेस ने धरना देकर प्रदर्शन किया। राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कांग्रेस द्वारा जिला स्तरीय प्रदर्शन किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि भाजपा सरकार विपक्षी नेताओं की छवि खराब करने और राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। गौरतलब है कि विधायक देवेंद्र यादव को बलौदा बाजार में हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी से नाराज कांग्रेस पार्टी ने भाजपा के खिलाफ उग्र प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

# रूस की जेल में संग्राम, आठ की मौत

**मॉस्को,24 अगस्त।** रूस की एक जेल में कैदियों के बीच संघर्ष में आठ लोगों की मौत हो गई। इनमें चार जेल कर्मचारी भी शामिल हैं। यह हिंसा रूस के वोल्गोग्राद क्षेत्र में उच्च सुरक्षा वाले आईके-19 सुरोविकिनो पीनल कॉलोनी में हुई है। जानकारी के मुताबिक कैदियों के एक समूह ने हिंसक विद्रोह कर दिया। चाकुओं से लैस यह कैदी इस्लामिक स्टेट से संबंधित बताए गए हैं। इन्होंने जेल में बंद कुछ कैदियों को बंधक बना लिया और जेल के एक हिस्से पर नियंत्रण कर लिया। हमला करने वालों का दावा था कि उन्होंने मुसलमानों के उत्पीड़न का बदला लेने के लिए ऐसा किया। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि संकट उस समय शुरू हुआ जब एक नियमित डिसिप्लिन बैठक होनी थी। यह बैठक चल रही थी उसी वक्त कैदियों के एक समूह, जिसकी पहचान रामजिदिन तोशेव (28), रुस्तमचोन नवरूजी (23), नजीरचोन तोशोव (28) और तैमूर खुसिनोव (29) के रूप में हुई, ने हमला शुरू कर दिया। उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान के रहने वाले सभी चार लोगों ने गार्डों पर चाकुओं से हमला किया। इस हमले में कई घायल हो गए और आठ जेल कर्मचारियों और चार साथी दोषियों को बंधक बना लिया। सोशल मीडिया पर इस झगड़े की एक तस्वीर सामने आई है। इसमें नजर आ रहा है कि घेराबंदी के दौरान एक कैदी खून से लथपथ जेल गार्ड के ऊपर चाकू पकड़े हुए है। एक अन्य वीडियो में हमलावरों को जेल के यार्ड में दिखाया गया है। यहां एक बंधक खून से लथपथ चेहरे के साथ बैठा था। हमलावरों ने वीडियो में आईएसआईएस के प्रति अपनी निष्ठा जताई। उन्होंने दावा किया कि हमला मुसलमानों के उत्पीड़न का बदला लेने का कार्य था। हालत खराब होने पर हथियारों से लैस स्पेशल रूसी फोर्स और स्नाइपर्स को तैनात किया गया।

# पक्षियों को पिंजरे में कैद करने वालों पर होगी कार्रवाई

**रायपुर,24 अगस्त।** वन विभाग ने तोता और अन्य पक्षियों की बिक्री करने, उसे पिंजरे में कैदकर पालने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। बिलासपुर डीएफओ ने पक्षी पालने वालों को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है। ऐसा नहीं करने पर जेल भी जाना पड़ सकता है। सभी पक्षियों को पिंजरे से निकालकर कानन पेंडारी जू प्रबंधन को सौंपने कहा है। इसके लिए टोल फ्री (18002337000) नंबर भी जारी किया गया है। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया जाएगा। आदेश के बाद तोता सहित पक्षी पालने वालों में हड़कंप मच गया है। दरअसल, विभाग की निष्क्रियता और ध्यान नहीं देने के कारण धड़ल्ले से खरीदी बिक्री हो रही है। प्रतिबंधित पक्षियों को लोग पाल भी रहे हैं। इस पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने नाराजगी जाहिर की है। राज्य पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने वन विभाग ने निर्देश पर प्रदेश भर में तोता सहित वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की अधिसूची में दर्ज सभी पक्षियों को वन विभाग को सौंपने का आदेश जारी किया है। वन विभाग के अफसरों के



अनुसार तोता या अन्य पक्षी, जो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 यथासंशोधित मई-2022 की अनुसूची में शामिल है, उनकी खरीदी, बिक्री और पालन करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। इसे अपराध की श्रेणी में रखा गया है। वन विभाग से आदेश जारी होने के बाद अब तय समय के भीतर तोता सहित पक्षियों को कानन पेंडारी जू में जमा करना होगा। तय समय सीमा पूरी होने के बाद वन विभाग की टीम लोगों के घरों में जाएगी और पक्षी पालने की शिकायत मिलने पर छापेमारी कर कार्रवाई करेगी। आदेश के बाद भी पक्षियों को पिंजरे में कैद रखने पर उनके खिलाफ केस दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आदेश जारी होने के बाद यहां अब सख्ती बरतने की तैयारी है। वनकर्मियों, अधिकारी से लेकर उड़नदस्ता को जांच के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यालय से जारी आदेश में कहा गया है कि पक्षियों को पास के शासकीय चिड़ियाघर को सौंपे जाएंगे। अगर कोई पक्षी स्वस्थ है तो उसे तत्काल प्राकृतिक रहवास क्षेत्र में छोड़ना है। चिड़ियाघर में केवल उन्हीं पक्षियों को क्वारेंटाइन सेंटर में रखा जाएगा, जो अस्वस्थ हैं। वन्य प्राणी डॉक्टर्स उनका इलाज करेंगे। जब



रायपुर। हलषष्ठी (कमरछठ) पर आज माताओं ने संतान की आयु वृद्धि के लिए सरगी बनाकर पूजा अर्चना की।

एक नजर

## फेसबुक पर दोस्ती कर महिला के साथ लाखों की ठगी

**भिलाई, 24 अगस्त।** भिलाई फेसबुक पर दोस्ती कर महिला के साथ लाखो की ठगी करने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि रायपुर निवासी सरिता सिंह ने शिकायत किया है कि अप्रेल 2024 में फेसबुक पर अज्ञात से दोस्ती हुआ अज्ञात ने अपना नाम डॉ नेल्सन जेकित होना बताया। फेसबुक से परिचय होने के बाद धीरे धीरे चैटिंग होने लगी और दोस्ती बढ़ गई। दोनों एक दूसरे को अपना मोबाइल नंबर भी अदान प्रदान किया। फिर वाट्सएप पर चैटिंग होने लगी डॉ नेल्सन ने महिला को पूरी तरह से अपने बातों में फंसा लिया इस दौरान नेल्सन ने पीड़िता को बताया कि वह विदेश यात्रा पर ओमान जा रहा है उसकी फ्लाईट टिकट सरिता सिंह को वाट्सएप किया इस दौरान उसने कहा कि उसका बैंक एकाउंट मुझसे एक्सेस नहीं हो पा रहा है। सरिजा सिंह को डिटेल भेजकर एक्सेस करने को कहा। इस दौरान नेल्सन ने 6 लाख रुपए का डिमांड किया। सरिता दोस्ती के नाते 6 लाख ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद डॉक्टर ने महिला से लगातार रुपए मांगे और उसने जमा भी करा दिए। डॉक्टर नेल्सन ने महिला से 5 लाख रुपए दो किश्तो में 10 लाख रुपए और 1 लाख 20 हजार रुपए की मांग की। महिला ने इन रुपयों को भी जमा कराया। डॉक्टर ने रुपए वापस लौटाने का भरोसा भी दिलाया था। वापस पहुंचने के बाद डॉक्टर ने एक एटीएम महिलाको भेजा और कहा कि उसके खाते में 4 करोड़ रुपए हैं। इसके लिए कुछ टैक्स देना है तो महिला ने दो किश्त में रुपए भेजे। इसके बाद महिला सिविक सेंटर स्थित एसबीआई के एटीएम जाकर 13 अगस्त को चेक किया तो उसमें बैलेंस न्यूनतम था दोबारा रकम की डिमांड डॉ नेल्सन ने महिला क मेल आईडी मांगा और बैंक द्वारा मेल करने की बात कही गई। इसके बाद मेल आया कि 30 लाख रुपए पे करने पर एटीएम चलाने की पात्रता मिलेगी। महिला ने इसे मना करने पर इंटरपोल की धमकी भी दी गई। महिला से बैंक मैनेजर के नाम कॉल भी किया गया। लगातार प्रेसर बनाकर महिला से 2 लाख रुपए और ले लिए। इसके बाद महिला ठगी होना महसूस किया। इस तरह महिला से 37 लाख रुपए का ठगी किया गया

## आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 24 अगस्त।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र नशा के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर चिट्टा समेत आरोपी को गिरफ्तार किया है छावनी सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एसीसीयू और जामुल पुलिस ने शंकर नगर जामुल में कार सीजी 10 एनसी 9998 को रोक कर चेक करने पर दो युवकों से हेरोईन भारी मात्रा में (चिटटा) बरामद किया गया इसके अलावा वाहन में तराजू और चाकू भी मिला है आरोपियों ने अपना नाम वार्ड 35 दुर्गा मंदिर खुर्सीपार रोशन कुमार साव और वार्ड 32 संगम चौक खुर्सीपार दीपक गुप्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। चिट्टा नशा के खइलाफ दुर्ग पुलिस का बड़ा अभियान लगातार जारी है। जिसे रोकने के लिए पुलिस थाना क्षेत्र में अभियान चला रही है चिट्टा कार मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई, कार समेत चिट्टा को किया जब्त समेत 2 लाख 4 हजार रुपए की आंकी गई है कार्रवाई में जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय, प्रधान आरक्षक मुरलीधर कश्यप, आरक्षक रिंकू सोनी, गुनीत राम निर्मलकर, राकेश चौधरी, जामुल के आरक्षक अजय सिंह, गंभीर जाट, बालेन्द्र द्विवेदी, चेतमान गुरुंग, एस दिनेश, सुनील ठाकुर शामिल थे ।

## एनसीसी कैडेटों ने चलाया नशे के विरुद्ध नया सवेरा योजना अभियान



**भिलाई, 24 अगस्त ।** कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी एसडी कैडेटों द्वारा 16 से 22 अगस्त तक नशीली दवाओं व शराब के लत के खिलाफ विशेष सप्ताह थीम चलाया गया। एनसीसी अधिकारी ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप ने बताया कि इस नशा मुक्ति अभियान हेतु कक्षाओं में जाकर छ् सौ से अधिक छात्र -छात्राओं को जागरूक किया गया। एसयूओ जय कुमार ने शराब के नशे की लत पड़ने व नुकसान के बारे में जानकारी दी, सार्जेंट विक्रम सरकार ने नशीली दवाओं के सेवन से नुकसान के बारे में बताया। सार्जेंट उमेश कुमार ने ड्रग ट्रेफिकिंग और कैडेट पुष्पेंद्र ने उसे रोकने के बारे में जानकारी दी। जेयूओ भावेश पटेल ने नशे से पारिवारिक अशांति और कैडेट सोमदत्त ने नशे के कारण बढ़ती हिंसा व मानसिक अवसाद के बारे में बताया। एनसीसी अधिकारी ने सभी कक्षाओं के छात्र -छात्राओं को नशा न करने, मित्र, परिवार व समाज को नशे से रोकने व नशे की लत वाले व्यक्ति को नशा मुक्ति केंद्र ले जाकर उचित इलाज करवाने की शपथ दिलाई। अभियान में कैडेट ऋषि सोनी, नागेश्वर, दुष्यंत, घनश्याम, अर्पित यादव, हंसराज, हरीश मोटघरे, राजीव लाल, रोहन सहित 22 कैडेटों ने सक्रिय योगदान दिया।

## पुलिस विभाग में तबादले

**भिलाई, 24 अगस्त।** दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग ने 10 एएसआई, 14 प्रधान आरक्षक व 20 आरक्षकों का रेंज स्तरीय तबादला आदेश जारी किया है। इसमें किसी ने स्ववेच्छा से जिला मांगे थे। कइयों की गंभीर शिकायत को लेकर आईजी ने दूसरे जिले से तबादला कर दिया। कानून व्यवस्था में कसावट लाने के उद्देश्य से यह तबादला किया गया है।

# भाषाएं समावेशी हो गई हैं, हिंदी में कामकाज को प्रोत्साहन:चौहान



**भिलाई, 24 अगस्त ।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग की 59वीं छमाही बैठक एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 23 अगस्त को भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास केंद्र में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) एवं कार्यालयाध्यक्ष, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), भोपाल हरीश सिंह चौहान थे। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी एवं अध्यक्ष नराकास-भिलाई-दुर्ग अनिर्बान दासगुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की एवं कार्यपालक निदेशक पवन कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि हरीश सिंह चौहान ने नराकास, भिलाई-दुर्ग द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की तथा कहा कि नराकास भिलाई-दुर्ग के सभी संस्थानों द्वारा हिंदी में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं, हमें इसमें लगातार गुणात्मक वृद्धि करने हेतु तत्पर रहना है। वर्तमान में सभी भाषाएं समावेशी हो गई हैं। भाषा सरल एवं संप्रेषण सहज होना चाहिये। साथ ही उन्होंने संसदीय राजभाषा समिति के संभावित निरीक्षण के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। मुख्य अतिथि चौहान ने 14 एवं 15 सितम्बर 2024 को नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहे हिंदी दिवस एवं चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के संयुक्त आयोजन के विषय में उल्लेख करते हुए हिंदी में कामकाज को प्रोत्साहन हेतु केन्द्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के विषय में चर्चा की। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि सदस्य संस्थानों में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं आयोजनों के द्वारा हिंदी के प्रगामी प्रयोग के प्रोत्साहन का क्रम लगातार पूरे वर्ष भर जारी रहा। संस्थान प्रमुखगण एवं हिंदी अधिकारीगण ने हिंदी के प्रयोग में सतत वृद्धि के लिए लगातार प्रयास किए, उन सबके प्रति धन्यवाद प्रेषित करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदी में शत-प्रतिशत कार्यालयीन कामकाज करने के साथ संवैधानिक प्रावधानों का भी निष्ठापूर्वक पालन करना है। विशिष्ट अतिथि पवन कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी में कामकाज हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। महाप्रबंधक सौमिक डे ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्नायक पुरस्कार सुश्री अनुराधा धनांक, उप मण्डल अभियंता, बीएसएनएल, दुर्ग को दिया गया तथा राजभाषा के क्षेत्र में सराहनीय कार्यों के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र को राजभाषा शिखर पुरस्कार प्रदान किया गया। संचालन जितेन्द्र दास मानिकपुरी तथा धन्यवाद ज्ञापन सुश्री भावना चाँदवानी ने किया।



## आशानगर में पंडरिया विधायक भावना ने जन्मदिन पर पौधारोपण किया

**कवर्धा, 24 अगस्त।** आशा नगर, कवर्धा में पंडरिया की विधायक भावना बोहरा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर टीम हरीतिमा के सदस्यों के साथ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। .इस अवसर पर हरितिमा की पूरी टीम के साथ केक काटा। एवं टीम के लिए एवं जनता के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश दिया कि मैं इतना स्नेह और शुभकामनाओं के लिए उनकी हरीतिमा टीम का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।और मैं आप सभी से आग्रह भी करती हूं की आपके घर-परिवार में जो भी विशेष उत्सव हो उसे प्रकृति एवं पर्यावरण से जोड़ें और एक पौधा जरूर लगाएं। यही पौधे हमें आने वाले समय और पीढ़ीयों को स्वस्थ पर्यावरण व बेहतर स्वास्थ्य का उपहार देंगी। बधाई देने वाले वालो में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती आशा श्याम तंबोली , हरितिमा टीम के सदस्य सुनील जैन सहित समस्त सदस्य उपस्थित रहे ।

## मोबाइल रिचार्ज महंगा, लोग परेशान

**कवर्धा, 24 अगस्त।** मोबाइल रिचार्ज महंगा होने के कारण ग्राहकों और स्टूडेंट चिंतित दिख रहे है आखिर मोबाइल रिचार्ज इतनी महंगी क्यों हो गई है। लोग इससे परेशान हैं।

# इन्द्रजीत सिंह के नेतृत्व में ट्रांसपोर्टरों ने दी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जन्मदिन की बधाई



**भिलाई, 24 अगस्त ।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के सदस्यों व पदाधिकारियों ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन विधानसभा क्षेत्र से विधायक भूपेश बघेल से सौजन्य मुलाकात कर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान यूनियन के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह (छोटू) ने पूर्व मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंटकर उन्हें ट्रांसपोर्टरों की ओर से जन्मदिन की बधाई दी और कहा कि वे दीर्घायु हों और प्रदेश की सेवा में बढ़ते रहें। इस अवसर पर अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह (छोटू) के साथ संरक्षक गनी खान, प्रभुनाथ मिश्रा, महेंद्र सिंग (पप्पी), गोपाल खंडेलवाल, सुधीर सिंह, कार्यकारणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकित सिंह लल्लू, कोषाध्यक्ष जोगा राव, दिलिप खटवानी, बलविंदर सिंग, सुनील चौधरी, शाहनवाज़ कुरैशी, लाला यादव, वाजिद अली, धनंजय सिंह, वाजिद अंसारी, जगजीत सिंह, सुनील यादव, लाला भैया, राजदीप नामदेव, कृष्णा कुमार, पंकज शर्मा, उपेंद्र यादव, सोमेश्वर, गिरीश खंडेलवाल, संजय तिलांथे, शिव पूजन, धीरमण, अमित सिंग, अभिषेक जैन, सुधीर सोनू, रमन राव, आनंद सिंग, गुरमीत सिंग एवं एसोसिएशन के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डॉमिनोज फेंक रहा था सड़क पर कचरा, 20 हजार जुर्माना

**रिसाली।** फॉस्टफूड तैयार कर मिनटों में घर पहुंच सेवा देने वाले डॉमिनोज पिज्जा पर नगर पालिक निगम रिसाली ने 20 हजार का जुर्माना लगाया है। वह चोरी छिपे कृष्णा टॉकिज स्थित मंच के निकट शॉप का कचरा डंप कर रहा था। निगम के कर्मी प्रिंट कैरी बैग और अन्य कचरा को चिन्हित करने के बाद कार्रवाई की। पिज्जा शॉप संचालक द्वारा पहले तो कचरा फेंके जाने की बात से इंकार करने लगा था। बाद में कचरा रात के अंधेरे में फेकने की बात कहने पर निगम के अधिकारियों ने चालानी कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर व्यापारियों को लगातार समझाईश दे रही है कि वे कचरा सड़क पर न फेके। गंदगी फैलाने पर की गई कार्रवाई में प्रभारी राजस्व अधिकारी संजय वर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी टिकेन्द्र वर्मा, मंगल कुर्रे, जनस्वास्थ्य विभाग के अमित चंद्राकर, सुपरवाइजर बिरेन्द्र देशमुख, लोकेश साहू आदि उपस्थित थे। निगम की टीम ने पिज्जा शॉप के किचन सफाई भी जांच की। हालांकि इस दौरान किचन साफ सुथरा पाया गया। जन स्वास्थ्य विभाग ने फाइट द बाइट के तहत फ्रिज व फ्लावर पार्ट में लार्वा न होने की पुष्टि की।

# बारिश होने पर अब नहीं होगी दिक्कत: शशि सिन्हा



**रिसाली,24 अगस्त।** बारिश में पानी भरने की शिकायत से डीपीएस रिसाली सेक्टर के नागरिकों को राहत मिलेगी। महापौर शशि सिन्हा अपने निधि से सीमेंटीकरण का कार्य करा रही है। उन्होंने महापौर निधि से होने वाले कार्यो का निरीक्षण भी की। इस दौरान महापौर शशि सिन्हा ने डीपीएस रिसाली सेक्टर ब्लाक 263 एवं 264 के नागरिकों से चर्चा की। नागरिकों ने विकास कार्य और बारिश में होने वाली समस्या से निजात दिलाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित की। रिसाली सेक्टर टाउनशिप के पुराने सेक्टर में शामिल है। 30 से 40 वर्ष पुराने आवास होने की वजह से सड़क ऊपर और मकान नीचे हो चुका है। यही वजह है कि बारिश का पानी घरों तक पहुंचता है। इस समस्या को लेकर नागरिक क्षेत्रीय पार्षद और महापौर तक पहुंचे थे। समस्या को देखते हुए महापौर ने अपने निधि से कुल 20 लाख स्वीकृत किया है। इस राशि से ब्लाक के बीच खाली जगह पर सीमेंटीकरण कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण एजेंसी से गुणवत्तापूर्ण कार्य करने निर्देश दिए।

# अंतर्राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टर मोहन ने छत्तीसगढ़ को दिलाया दूसरा स्वर्ण पदक



**भिलाई, 24 अगस्त ।** कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में 20 से 25 अगस्त तक चल रही 50वीं गोल्डन जुबली, सीनियर राष्ट्रीय (महिला व पुरुष) पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में के तीसरे दिन 93 किलो वर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्राष्ट्रीय पॉवर लिफ़्टर, रेलवे कर्मी सी मोहन कुमार ने स्क्वॉट में 345 किग्रा, बेंच प्रेस में 200 किग्रा, डेडलिफ्ट में 280 किग्रा सहित कुल टोटल 825 किलो टोटल लिफ्ट कर स्वर्ण पदक, दो रजत पदक एवं कांस्य पदक जीता। इस प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाने में सफल हुए और छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया । उल्लेखनीय है कि मोहन कुमार ने इससे पूर्व भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम को पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में पदक दिला चुके हैं तथा वर्तमान में रेलवे विभाग, मुंबई में खेल कोटे में को ज्वाइन करने उपरांत तीसरी बार राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में पदक जीतकर, रेल विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया है । इस खुशी के पल में भिलाई इस्पात संयंत्र एवं छत्तीसगढ़ शासन खेल विभाग, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ, भारतीय रेल विभाग सहित छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग संघ के पदाधिकारियों बीएल चंदवानी (अध्यक्ष), जी सुरेश, तुलसी सोनी (कार्यकारी अध्यक्ष), छत्तीसगढ़ टीम के खिलाड़ियों ~ खुशाल पटेल, जयदीप साहू, शैलेश थवाईत, जी शिव कुमार, श्रीनू राव, ब्लेसन बास्को, आसिफ अली, महिला टीम की कोच एवं निर्णायक संतोषी माझी, पुरुष टीम के कोच एवं निर्णायक कृष्णा साहू (महासचिव, छत्तीसगढ़), निर्णायक बीएम ठाकुर, आरके पांडेय एवं पतंजलि झा ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है ।

## गांव चले हम पुस्तक का लोकार्पण 25 को

भिलाई, 24 अगस्त । सामाजिक संस्था अच्छे लोग एवं स्मृति गृह निर्माण सहकारी साख समिति के तत्वावधान में प्रशांत कानस्कर के गीत संग्रह गांव चले हम का मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकर गिरीश पंकज द्वारा लोकार्पण किया जायेगा। स्वागताध्यक्ष संस्कृत आचार्य डॉ आचार्य महेश चंद्र शर्मा होंगे, अध्यक्षता व्यंग्यकार रवि श्रीवास्तव करेंगे एवं सरला शर्मा विशेष अतिथि के रूप उपस्थित होंगी। 25 अगस्त को आयोजित यह कार्यक्रम कीर्तिशेष साहित्यकार एवं गीतकार पं दानेश्वर शर्मा की स्मृति में आयोजित है। इस दौरान 4 महिलाओं का अच्छे लोग अलंकरण से सम्मान किया जायेगा। आयोजक राजीव चौबे एवं प्रशांत कानस्कर ने लोगों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## पीएम आवास योजना के हितग्राहियों की सुविधा के लिए ऋण मेला

**भिलाई, 24 अगस्त ।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत हितग्राहियों के लिए 28 अगस्त को ऋण मेला का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे हितग्राही किरायेदार के रूप में निवासरत, बेघर परिवारों को आवास प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। हितग्राहियों द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा करके लॉटरी में भाग लेकर मकान अपने नाम आवंटित कराया गया है। हितग्राहियों द्वारा आवास आबंटन की शेष 90 प्रतिशत राशि जमा करने पश्चात मकान का आधिपत्य पत्र उन्हें सौंपा जाता है। बहुत से हितग्राही शेष 90 प्रतिशत राशि जमा नहीं कर पा रहे है।

# भिलाई-चरौदा में कमिश्नर राजपूत ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक



**भिलाई-चरौदा।** नगर निगम भिलाई-चरौदा कार्यालय में राजस्व विभाग की बैठक का आयोजन बृहस्पतिवार 22 अगस्त को किया गया। निगम कमिश्नर डी एस राजपूत ने इस दौरान राजस्व वसूली के कार्य में लगे सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों से वार्डवार वसुली पर चर्चा की गयी। उल्लेखनीय है कि सभी 40 वार्डो में लिये जाने वाले संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, भू भाटक एवं शिक्षा उपकर के संबंध में वार्ड प्रभारी कर्मचारियों के द्वारा जानकारी प्रदान की गयी। वही इस बैठक में जुलाई माह में कम राजस्व वसूली के कारण निगम की आर्थिक स्थिति पर पड रहे प्रतिकूल प्रभाव से निपटने को लेकर भी चर्चा हुई। गौरतलब है कि निगम स्वायत्तशासी संस्था होने के कारण कर्मचारियों का वेतन, वाहनो का ईंधन सहित अन्य दैनिक खर्च का संपूर्ण भार राजस्व वसूली से प्राप्त होने वाली राशि पर निर्भर रहता है। इस कारण किसी माह कम हुए राजस्व वसूली के चलते निगम की वित्तीय व्यवस्था बिगड़ने की संभावना रहती है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए आज बैठक के दौरान निगम कमिश्नर डी एस राजपूत ने समस्त राजस्व विभाग के कर्मचारियों से कड़े शब्दों में अपनी बात रखते हुए कहा कि आप सभी कर्मचारी जो राजस्व विभाग में कार्यरत है इस तथ्य से भलीभांति परिचित है कि राजस्व वसूली से प्राप्त राशि से निगम के सर्वाधिक कार्यो को पूर्ण किया जाता है। ऐसे में राजस्व कर्मचारियों की भूमिका निगम में सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे भी संभव हो लोगों से घर घर तक पहुंच कर संवाद स्थापित करे और शत प्रतिशत करो की वसूली सुनिश्चित करे। राजपूत के द्वारा यह भी कहा गया कि जिस वार्ड में वसुली का प्रतिशत लक्ष्य के अनुरूप नही होगा वहां के जिम्मेदार कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। कमिश्नर राजपूत के द्वारा राजस्व कर्मियों से यह भी कहा गया कि यदि आप लोगों की तरफ से राजस्व वसूली के कार्य को और सुनियोजित और सफल बनाने का कोई सुझाव है वो उसका स्वागत है। इस दौरान बैठक में सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरूणिमा दुबे, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, सहायक राजस्व निरीक्षक राम अवतार साहू, सहायक राजस्व निरीक्षक भागवत निर्मलकर, सहायक राजस्व निरीक्षक रामचन्द्रा निषाद, सहायक राजस्व निरीक्षक कन्हैया सोनी, सहायक राजस्व निरीक्षक शत्रुहन सिन्हा, स.रा.नि.संतोष सिन्हा, सहायक राजस्व निरीक्षक अनिल सिंह, सहायक राजस्व निरीक्षक मोहम्मद यासीन, सहायक राजस्व निरीक्षक श्रीमती सरोजनी यदु, सहायक राजस्व निरीक्षक दुष्यंत चतुर्वेदी, सहायक राजस्व निरीक्षक. बलराम चेलक, सहायक राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र चन्द्राकर, सहायक राजस्व निरीक्षक अर्जुन पाल, सहायक राजस्व निरीक्षक दिलीप देवांगन, सहायक राजस्व निरीक्षक अशोक शर्मा ये सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला में बंछोर हुए शामिल

**जामुल।** भाजपा सदस्यता अभियान 2024 कार्यशाला भिलाई जिला भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के महामंत्री रामू रोहरा, जिला प्रभारी संदीप शर्मा, जिलाध्यक्ष महेश वर्मा, विधायक रिकेश सेन, सदस्यता अभियान के संयोजक रेखराम बंछोर, सदस्यता अभियान सदस्यगण, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया, पूर्व विधायक सांवलाराम डाहरे, वीरेंद्र साहू सहित जिला के पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, जामुल मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी, सभी 10 मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, नेता प्रतिपक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रेम लाल साहू व आभार जिला महामंत्री बिजेंद्र सिंह द्वारा किया गया।

# जोन 3 में अवैध कब्जा को निगम की टीम ने किया ध्वस्त



**भिलाई, 24 अगस्त ।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई। जोन 03 वार्ड क्र. 30 प्रगति नगर केम्प-01 के गली में अवैध रूप से मकान का निर्माण किया जा रहा था। जिसे निगम की टीम द्वारा ध्वस्त कर मलबे को हटाने की कार्यवाही की गई। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव को सूचना मिली थी कि जोन 03 क्षेत्र के वार्ड 30 प्रगति नगर केम्प-01 के गली में अवैध रूप से मकान का निर्माण किया जा रहा है। बसंतराव वडीकार को उक्त स्थल का पटटा जारी किया गया था, इनके द्वारा अतिरिक्त भूमि पर मकान का निर्माण किया जा रहा है। निगम द्वारा बसंतराव वडीकार को नोटिस भी जारी किया गया था कि स्थल से अतिरिक्त कब्जा स्वयं द्वारा हटाया जाये। किन्तु उनके द्वारा अवैध कब्जा हटाया नहीं गया। जोन 03 कार्यालय की टीम स्थल निरीक्षण करने पहुँची, तो वहां देखा की बसंतराव वडीकार द्वारा अतिरिक्त भूमि पर मकान का निर्माण किया गया है। जिससे गली में आने जाने वालों को आवागमन में असुविधा हो रही है। मकान के अतिरिक्त भाग को टीम ध्वस्त किया गया। मलबे को डम्फर के माध्यम से हटाया गया। जिससे आने जाने वालो को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। कार्यवाही के दौरान जोन के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम एवं निगम का तोड़फोड़ दस्ता उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




मोहला 24 अगस्त। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा मोहला मानपुर अ.चौकी द्वारा युक्तियुक्तकरण नियम, आनलाइन अवकाश नियम में संशोधन ,एलबी संवर्ग के शिक्षको को पूर्व सेवा की गणना कर प्रथम नियुक्ति तिथि से सही वेतन का निर्धारण कर सहायक शिक्षको की वेतन विसंगति दूर कर/क्रमोन्नत वेतनमान का निर्धारण कर पुरानी पेंशन निर्धारित करे एवं कुल बीस वर्ष की सेवा में पुरानी पेंशन प्रदान किया जावे की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में संयुक्त कलेक्टर मोहला मानपुर अ.चौकी के श्री विजेंद्र सिंह पाटले जी एवं जिला शिक्षा अधिकारी एफ एल कोसरिया जी को मुख्यमंत्री महोदय, स्कूल शिक्षा सचिव,डी पी आई महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक, प्रधानपाठक (प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक) के पदों पर पहले पदोन्नति किया जावे। 2008 के सेटअप में मिडिल स्कूल में न्यूनतम छात्र संख्या पर एक प्रधान पाठक एवं चार शिक्षक पदस्थ करने का नियम बनाया गया था, और इसी के आधार पर भर्ती व पदोन्नति विभाग द्वारा की गई है, एक पद घटाने से एक शिक्षक तो स्वमेव अतिशेष हो जाएंगे यह नियम व्यवहारिक नही है,तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उलंघन है, अतः 2 अगस्त 2024 के युक्तियुक्तकरण नियम में न्यूनतम विद्यार्थी संख्या पर भी एक प्रधान पाठक एवं चार शिक्षक का सेटअप स्वीकृत किया जावे।2008 के सेटअप में प्राथमिक शाला में न्यूनतम छात्र संख्या पर एक प्रधान पाठक व दो सहायक शिक्षक का पद स्वीकृत किया गया था, वर्तमान में एक पद कम कर दिया गया है यह व्यवहारिक नही है, तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उलंघन है, अतः 2 अगस्त 2024 के युक्तियुक्तकरण नियम में न्यूनतम विद्यार्थी संख्या पर एक प्रधान पाठक एवं दो सहायक शिक्षक का सेटअप स्वीकृत किया जावे।प्रधान पाठक का पद समाप्त करने वाला इस युक्तियुक्तकरण नियम से सहायक शिक्षक व शिक्षक की पदोन्नति 50त्र तक कम होगी, इससे शिक्षकों के पदोन्नति के अवसर कम होंगे जो पूर्णतः अनुचित है। प्रत्येक प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला का स्वतंत्र अस्तित्व हो जिसके नियंत्रण व शिक्षण व्यवस्था के लिए स्वतंत्र प्रधान पाठक जरूरी है, इससे सहायक शिक्षक व शिक्षकों को पदोन्नति भी मिलेगी। बालवाड़ी संचालित स्कूलों में बालवाड़ी 1 व प्राथमिक 5 कुल 6 कक्षा के संचालन हेतु न्यूनतम संख्या में भी 1 अतिरिक्त सहायक शिक्षक दिया जावे। 2 अगस्त 2024 को जारी युक्तियुक्तकरण नियम से शाला में पदों की संख्या कम किया गया है इससे नई भर्ती नही होने से प्रशिक्षित बेरोजगारों के साथ भी अन्याय होगा। स्वामी आत्मानंद शालाओ में प्रतिनियुक्ति के शिक्षकों व शालाओ पर नियम की प्रभावशीलता पर बड़ा प्रश्नचिन्ह है। युक्तियुक्तकारण से उच्चतर विद्यालय में काम का बोझ बढ़ जाएगा जिससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पालन सही तरीके से नही हो पायेगा। इस पूरी प्रकिया में समय / शासकीय सम्पत्तियो (रिक्त भवन जो खंडहर हो सकता है) एवं छात्रों के भविष्य पर कुठाराघात होगा। एक ही परिसर में उच्चत्तर शाला में निचले शाला को मर्ज करना स्वतंत्र शाला के नियंत्रण व शिक्षण व्यवस्था पर विपरीत असर डालेगा। प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला में न्यूनतम शिक्षक संख्या घटाया गया है इससे इन शालाओ के शिक्षण स्तर में गिरावट आएगा।बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में संचालित पोटा कैबिन में विभागीय सेट-अप स्वीकृत किया जावे। युक्तियुक्तकारण की संपूर्ण प्रक्रिया सार्वजनिक की जावे तथा दावा आपत्ति करने व उसके निराकरण का समुचित अवसर प्रदान किया जावे। स्कूल शिक्षा विभाग भविष्य में भी शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मामलों में एकतरफा आदेश निर्देश जारी करने से पहले कर्मचारी संगठनों से चर्चा कर सर्वसम्मत व प्रभावी कदम उठाएंगे ।स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एजुपोर्टल में ऑनलाइन अवकाश के सम्बंध में नियम बनाया गया है वह विसंगतिपूर्ण है, जिसमें निम्नानुसार सुधार किया जावे, मेडिकल अवकाश, अर्जित अवकाश, संतान पालन अवकाश लेने के एक सप्ताह के अंदर एजुपोर्टल में ऑनलाइन एंट्री का ऑप्शन दिया जावे,ष्ट रु व ह्र रु अवकाश को ऑफ लाइन आवेदन देने की प्रक्रिया को यथावत रखा जावे।

## एक नजर

### गणेश प्रतिमा निर्माण में मिट्टी का उपयोग करने निगम आयुक्त की अपील

**राजनांदगांव 24 अगस्त।** आगामी गणेश पर्व को ध्यान में रखते हुये एवं प्लास्टर आफ पेरिस की प्रतिमा का निर्माण प्रतिबंधित किये जाने शासन निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने शहर के गणेश प्रतिमा निर्माण करने वाले मूर्तिकारों से प्रतिमा निर्माण के लिये मिट्टी का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये है कि मूर्ति निर्माण में प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग नहीं करने मूर्तिकारों को समझाईस देवे। इस संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि गणेश प्रतिमा का निर्माण के लिये मिट्टी का उपयोग किया जाना है। शासन निर्देशानुसार प्लास्टर आफ पेरिस की प्रतिमा का निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यदि प्लास्टर आफ पेरिस की प्रतिमा का निर्माण करते पाया जायेगा तो संबंधित के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जावेंगी। उन्होंने कहा कि प्लास्टर आफ पेरिस पानी में घुलता नहीं है और उससे नदी एवं तालाब का पानी प्रदुषित होता है। जिसे ध्यान में रखते हुये मिट्टी का ही गणेश प्रतिमा का निर्माण करना है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा से कहा कि स्वच्छता निरीक्षक एंव स्वास्थ्य अमला गणेश प्रतिमा निर्माण स्थल में जाकर मूर्तिकारों को प्लास्टर आफ पेरिस का गणेश प्रतिमा नहीं बनाने तथा मिट्टी से प्रतिमा निर्माण करने समझाईस देवे। उन्होंने शहर के मूर्तिकारों से अपील करते हुये कहा है कि गणेश प्रतिमा का निर्माण में मिट्टी का उपयोग करना है, अपालन की स्थिति में निगम प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही की जावेगी।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर्व, 26 अगस्त को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव 24 अगस्त।** राज्य शासन के आदेशानुसार कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में 26 अगस्त दिन सोमवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

### जिले में अब तक औसत 850.1 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव 24 अगस्त।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 850.1 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछ्ले 24 घण्टों में औसत 9.8 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 20.5 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछ्ले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 15.8 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 20.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 15.3 मिमी, घुमका तहसील में 1 मिमी, छुरिया तहसील में 7.4 मिमी, कुमरदा तहसील में 3.7 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 5.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### बेटी बचाओ मंच विप्र नगर ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का लिया संकल्प



**रायपुर 24 अगस्त।** बेटी बचाओ मंच विप्र नगर के पदाधिकारियो ने आसपास के घरों के उद्यानों में जाकर पपीता, बिही, रातरानी, गुड़हल, बेला व अन्य पुष्प युक्त पौधों का रोपण किया। वही तालाब किनारे आम, जामुन, बेल के पौधे लगाए। उक्त अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने पदाधिकारियो को पर्यावरण संरक्षण तथा संवर्धन के लिए शपथ दिलाया। आयोजन में मुख्य रूप से विप्र नगर अध्यक्ष शशि यादव, उपाध्यक्ष नमिता डडसेना, रश्मि कश्यप, प्रचार सचिव लीना सिन्हा सहित पदाधिकारी श्रद्धा उपाध्याय, रीता शर्मा, सीमा कश्यप, कविता शर्मा, आरती जैन, भावना ग्वाल व सदस्य गण शामिल हुए।

### नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने जिले के अंतिम छोर पहुंचा जिला प्रशासन

**राजनांदगांव 24 अगस्त।** राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए जिले के अंतिम छोर छुरिया विकासखंड के वनांचल ग्राम बेंदाड़ी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता साहू, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल उपस्थित थे। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। शिविर में गर्भवती माताओं की गोद भराई के लिए सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा नन्हे बच्चों का अन्न-प्राशन्न किया गया। गर्भवती माताओं को अच्छा खान-पान रखने की सलाह दी गई। ताकि उनके शिशु स्वस्थ एवं सुपोषित रहें। पालक चौपाल से प्रेरित होकर खान-पान में सुधार से कम वजन से सामान्य वजन होने पर दो नन्हे बच्चों को भी पौष्टिक आहार देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया।जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने जिले के अंतिम गांव बेंदाड़ी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी पहुंचे है, जिनके द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है।

# शहर के भितर से गुजरी स्टेट हाईवे की पांच किलोमीटर सडक बेहद खराब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव 24 अगस्त।** शहर के एक निजी हॉस्पिटल मे अपने दो मासूम बच्चो का ईलाज कराने आयी बाकारूमा की महिला जयंती बाई आज रायगढ रोड की सडक मे बने जानलेवा गडढे मे गिरकर घायल हो गयी,वह ईलाज कराने तो अपने मासूम बच्चो का आयी थी,परंतु शहर की खराब सडको का शिकार होकर वह खुद दुर्घटना ग्रसित हो गयी। उसे यहा के एक हॉस्पिटल मे ईलाज कराकर वापस घर लौटना पडा,जयंती बाई ने बताया कि दिन शनिवार की सुबह वह अपने दो बच्चो को बुखार का ईलाज कराने के लिए पत्थलगांव अपनी स्कूटी वाहन मे लेकर आ रही थी,ठीक इस बीच रायगढ रोड बिस्कीट फैक्ट्री के पास वह पानी भरे एक गडढे मे गिर गयी,जिससे उसके दोनो बच्चो को हल्की चोट आने के साथ उसे काफी चोट लगी। एक निजी हॉस्पिटल मे ईलाज कराने के दौरान उसने बताया कि कहने को पत्थलगांव को तहसील,ब्लाक एवं विधानसभा का दर्जा मिला हुआ है,परंतु शहर के अंदर की सडके जिस तरह बद से बदत्तर हो चुकी है,उन्हे देखकर लगता है कि यहा पर जनप्रतिनिधियों के अलावा संबंधित प्रशासनिक अधिकारीयों का सडक की मरम्मत या नया बनाने मे कोई दिलचस्पी नही है। यही कारण है कि लोग यहा आने जाने के दौरान सडको की दुर्दशा झेलकर दुर्घटनाग्रसित हो रहे है। उन्होने बताया कि अब वे दोबारा पत्थलगांव कभी भी अपने परिवार या अन्य किसी का ईलाज कराने के लिए नही आयेंगी। शहर की सडको की ऐसी दुर्दशा देखकर शायद ही कोई अपना आक्रोश जाहिर करने से रोक पायेगा। वाकई कहने को शहर कई दर्जो से सुशोभित है कि परंतु यहा की असुविधायें किसी से छुपी नही है। इंदिरा चौक से तीन दिशाओ मे जाने वाली सडके लोगो की जान लेने से कम नही है।। मरम्मत के नाम पर बटोरी जा रही सुर्खियां-ःशहर के बीच मे स्थित इंदिरा चौक से जशपुर,अंबिकापुर एवं रायगढ की ओर जाने वाली सडक राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा स्टेट हाईवे की है। दोनो विभाग की तीनो सडको की हालत बेहद खराब है,राष्ट्रीय राजमार्ग के अफ्सर जशपुर एवं अंबिकापुर रोड मे मरम्मत का काम समय-समय पर कराते है,परंतु मरम्मत से सडको का उद्धार नही होने वाला। मरम्मत के दो दिनो बाद ही सडक दोबारा मरम्मत से पूर्व की स्थिती मे आ जाती है,उसके अलावा रायगढ रोड की सडक की हालत सबसे खराब है,इस मार्ग मे कभी मरम्मत का काम होते नही देखा जाता।

# 2 अन्तर्राज्यीय चोर गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 24 अगस्त।** संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक घटना 18.08.2024 को रात्रि प्रार्थी नेमकरण जंघेल पिता झल्लू, राम उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 03 पंडित दीनदयाल नगर चौकी चिखली जिला राजनांदगांव अपने रात्रि ड्युटी के लिए पीटीएस राजनांदगांव गया हुआ था प्रार्थी की परिजन भी राखी त्यौहार में बाहर गये हुये थे कि दिनांक 17-18.08.2024 के मध्य रात्रि करीब 02-04 बजे के मध्य अज्ञात चोर द्वारा प्रार्थी के घर के दरवाजा में लगे ताले को तोड़कर घर के अंदर रखे वीवो कंपनी का मोबाइल कीमती 10500, एक होंडा कंपनी की कार जिसका नंबर सीजी 10-एडी 2959 चाकलेटी रंग का कीमती करीबन 250000/- रूपये, आलमारी में रखे सोने के आभुषण एक नग सोने की अंगुठी कीमती 34000 रूपये, सोने की कान की बाली जोडी कीगती 35000 रूपये सोने की दो नग नाक की फुल्ली कीमती 5000 रूपये, चांदी के आभुषण चांदी का दो नग सिक्का कीमती 25000 रूपये चांदी का बिछिया जोड़ी कीमती 500 रूपये एक नग चांदी का करधन कीमती 2000 रूपये व नगदी रकम 5000 रूपये जुमला कीगती 3,46000/-रूपये को चोरी कर लिया था प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पुलिस चौकी चिखली में अपराध क्रमांक 504/2024 धारा 305, 331(4) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये माल मशरूका के पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेद्र नायक के पर्यवेक्षण में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पम्मार एवं पुलिस चौकी प्रभारी उनि. नरेश बंजारे के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम गठित कर अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये माल मशरूका के संबंध में हर संभंव पतासाजी प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान घटनास्थल एवं आस-पास के क्षेत्रों एवं मार्गो में लगे सीसीटीवी का निरीक्षण करने पर घटना स्थल पर मोटर सायकल पल्सर 220 सीसी बिना नंबर का मिला। पता तलाश के मुखबीर से सूचना मिला कि बागनदी के पास दो व्यक्तियो को चोरी की गई कार में देखा गया है जो कार को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे है।

### एक दिवसीय अंशदान शिविर का आयोजन

**रायपुर 24 अगस्त।** भारत स्काउट्स एवम् गाइड्स जिला संघ रायपुर के जिला अध्यक्ष श्री जी स्वामी जी , जिला मुख्य आयुक्त डॉ सुरेश शुक्ला जी के मार्गदर्शन एवम् जिला आयुक्त जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर डॉ विजय कुमार खंडेलवाल जी के निर्देशानुसार स्थानीय संघ आरंग में एक दिवसीय अंशदान पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नव निर्वाचित विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री दिनेश शर्मा जी का स्कार्फ से स्वागत किया गया। शिविर में 25 हाई / हायर सेकंडरी स्कूल का अंशदान 12 मिडिल स्कूल का पंजीयन किया गया। शिविर को सफल बनाने में जिला संगठन आयुक्त श्री बालक दास राउत, विकासखंड सचिव आरंग श्री रोहित कुमार वर्मा, श्री होरीलाल पटेल, श्री भारत दीवान जी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



# आज भी लोधी समाज का छत्तीसगढ़ से रोटी-बेटी का है संबंध: करहि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खैरागढ़ 24 अगस्त।** लोधी समाज की प्रथम महिला विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा की अध्यक्षता में खैरागढ़ के देवारीभाठ में आयोजित भोजली महोत्सव में मध्यप्रदेश के लांजी विधायक राजकुमार करहि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ का लांजी क्षेत्र से पीढी दर पीढी का नाता रहा है। पूर्व में सी. पी. एण्ड बरार की राजधानी नागपुर हुआ करता था, तब हम सब एक होकर सभी त्यौहार को एकजूट होकर मनाते थे। आज भी छत्तीसगढी संस्कृति हमारे क्षेत्र में देखने को मिलती है। बाद में मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल हुआ, तब हम विधानसभा सत्र के दौरान सभी विधायक एक साथ ट्रेन से भोपाल जाया करते थे। लगभग आधी चर्चा के दौरान समस्या का हल निकल जाता रहा। उसी प्रकार 2000 में छत्तीसगढ का गठन हुआ, तब से छत्तीसगढ अलग हो गया है। किन्तु आज भी लोधी समाज का छत्तीसगढ से रोटी - बेटी का संबंध लांजी-गोदियां आदि क्षेत्रो से बना हुआ है। उन्होंने बताया कि आज भी हमारे यहां शादी - ब्याह हो या पर्व, दीपावली मंडई का अवसर हो, छत्तीसगढी नाचा पार्टी का धूम मचा रहता है। हमारे यहां लजकई माता का मंदिर के अलावा देवाधिदेव महादेव कोटेश्वर भगवान का प्राचीन मंदिर है। यहां दूर- दूर से भक्तजन दर्शन के लिए आते है। कहने का तात्पर्य है विदर्भ, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ में लोधी समाज का कला, संस्कृति एवं बोली भाषा में समानांतर झलकती है। इस अवसर पर स्थानीय विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा ने भोजली की महत्ता बताई। साथ ही उन्होंने विलुप्त हो रहे लोधी समाज की संस्कृति उजेना को फिर लाने पर जोर दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ लोधी समाज के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कमलेश्वर वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी भूखन दाऊ, युवा भाजपा नेता मूलचंद वर्मा, नीलांबर वर्मा के अलावा छत्तीसगढ के सुप्रसिद्ध लोक गायिका एवं लोधी समाजसेवी सीमा कौशिक के साथ अधिक संख्या में समाज के महिला एवं पुरूष उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

# वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए अंतर्राज्यीय नियंत्रण कार्यशाला में बनी रणनीति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 24 अगस्त।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम की दिशा में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में अपनाए जा रहे नवाचार को एक से दूसरे प्रदेश में बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में अंतर्राज्यीय वेक्टर नियंत्रण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री संतोष पाण्डेय तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री भरत वर्मा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सांसद श्री संतोष पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन स्वास्थ्य हम सबकी पहली प्राथमिकता है। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत देशभर में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। ऐसे में प्रयास होना चाहिए कि वेक्टर जनित रोग नियंत्रण के लिए संबंधित प्रदेशों के स्वास्थ्य विभाग एक-दूसरे से समन्वय बनाकर काम करें। एक-दूसरे के नवाचारों को अपनाएं। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं बचाव के सम्बन्ध में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि वेक्टर नियंत्रण रोगों के साथ-साथ अन्य रोग की भी जांच करानी चाहिए। उन्होंने इस दिशा में पुलिस विभाग द्वारा भी यथासंभव सहायता का आश्वासन दिया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि पिछले कई वर्षों से छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र राज्य के संयुक्त प्रयासों से मलेरिया एवं अन्य वेक्टरजनित रोग नियंत्रण की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। मच्छरों के नियंत्रण की दिशा में एक्टिव सर्विलांस, स्प्रे व एलएल आईएन वितरण माध्यम हैं, जिनसे मलेरिया वाहक मच्छरों को एक स्थान से दूसरे स्थान जाने से रोका जा सकता है। मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान की सफलता के बाद पूरे छत्तीसगढ़ में इसे अभियान के रूप में चलाकर इसकी सफलता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने दूसरे राज्यों से आने वाले प्रवासी मजदूरों का प्रदेश में प्रवेश से पहले स्वास्थ्य परीक्षण करने जिला मलेरिया अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रवासी मजदूरों की ट्रैकिंग एवं उनकी स्क्रीनिंग कर मलेरिया और इससे होने वाली मृत्यु तथा इसके प्रसार को रोका जा सकता हैं।

कार्यशाला में वीबीडी सलाहकार संगीता पांडेय ने अपने जिले का प्रस्तुतीकरण दिया। इसी क्रम में वेक्टर जनित रोगों पर नियंत्रण हेतु सकारात्मक पहल के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों का आदान-प्रदान किया गया, जिससे नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। इस बीच जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.भूमिका वर्मा ने सभी जिलों को मिलकर कार्ययोजना बनाने के सम्बन्ध में सुझाव दिए तथा वेक्टर जनित रोगों से बचाव के विषय में जानकारी दी।

## समाचार संक्षेप

### दुर्घटना से बचाने निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान

**राजनांदगांव 24 अगस्त।** घुमंतु मवेशियों की वजह से चौक चौराहो एवं सड़कों पर होने वाली दुर्घटना को ध्यान में रखकर नगर निगम की टीम द्वारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस पहुचाया जा रहा है। आज राम दरबार, नेशनल हाईवे, पेन्ड्री एवं राज इंपिरियर के पास से 11 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी और उसे रेवाडीह कांजी हाउस पहुँचाया गया। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड देते है, जिससे मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है। मवेशियों को पकड़ने कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल द्वारा निर्देश दिया गया है, निर्देश के अनुक्रम में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश एवं उपायुक्त श्री मोबिन अली के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा मेवशी धर-पकड़ अभियान चलाकर मवेशी मालिकों को मवेशी बांधकर रखने समझाईस दी जा रही है, समझाईस उपरांत भी कुछ मवेशी मालिक अभी भी मवेशी खुला छोड देते है, उनपर अब अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा। नगर निगम आयुक्त द्वारा घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज राम दरबार, नेशनल हाईवे, पेन्ड्री एवं राज इंपिरियर के पास से 11 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जायेगा। आयुक्त श्री गुप्ता ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है।

### शराब परिवहन करने वाले गिरफ्तार




**राजनांदगांव 24 अगस्त।** जिले के अवैध शराब बिक्री एवं अवैध तस्करी के रोकथाम व अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगांव श्री दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना घुमका क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री एव परिवहन पर थाना घुमका के द्वारा दिनांक 23.08.2024 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ठेलकाडीह की ओर से घुमका होते हुए एक सफेद रंग की चार पहिया बोलेरो वाहन में अवैध शराब परिवहन करने की सूचना मिला। सूचना पर तत्काल थाना घुमका पुलिस पटेवा रोड शमशान घाट घुमका के पास एक सफेद रंग की चार पहिया बोलेरो जो पुलिस को देखकर भाग रही थी जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। पकडे गये व्यक्तियों से पुछताछ करने पर अपना नाम 1- मनोज बघेल पिता स्व0 खोरबाहरा बघेल निवसी घुमका 2- किशन लाल साहू पिता संतुराम साहू निवासी चारभांठा विचारपुर थाना ठेलकाडीह जिला चष्टत्र का बताया।

### रामकृष्ण केयर अस्पताल ने छत्तीसगढ़ का पहला पीडियाट्रिक कैडेवर लीवर प्रत्यारोपण किया




**रायपुर 26 अगस्त।** मण्डला का 11 वर्ष का एक बच्चा था, जो लिवर सिरोसिस नामक बीमारी से 06 वर्षों से ग्रसित था। बच्चे को पीलिया बना रहता था, पेट में पानी भर रहा था और बच्चा दिन-प्रतिदिन कमजोर होता चला जा रहा था। इसके लिये उसे लिवर प्रत्यारोपण की आवश्यकता थी, जिसकी जानकारी डॉक्टर द्वारा उनके परिजन को दी जा चुकी थी, परन्तु परिवार में कोई भी डोनर उपलब्ध न होने की वजह से लिवर प्रत्यारोपण नहीं हो पा रहा था। जिसकी वजह से लिवर के इलाज के लिये कई बड़े शहरों में भटक रहा था, जिसके बाद यह मरीज रामकृष्ण केयर अस्पताल आया जिसका पिछले 2 महीने से इलाज किया जा रहा था और मरीज ने कैडावेरिक लिवर प्रत्यारोपण के लिये सोटो छत्तीसगढ़ की वेटिंग लिस्ट में अपना नाम पंजीयन कराया गया था। छत्तीसगढ़ में एक मरीज ब्रेनडेड घोषित हुआ जिसके परिजनों ने मरीज के अंगदान करने की इच्छा जाहिर कर अंगदान करने के लिये सहमति प्रदान की, जिसकी सूचना अस्पताल प्रशासन ने सोटो छत्तीसगढ़ को दिया। जिसके बाद बच्चे के परिजन को जानकारी दी गई इसमें खास बात यह है कि बच्चे को जो लिवर लगाया गया वह बड़े उम्र के मरीज का पूरा लिवर था जो इस छोटे बच्चे को लगाया गया और सफलतापूर्वक लिवर प्रत्यारोपण किया गया और आज मरीज पूरी तरह से स्वस्थ्य है एवं अपनी नियमित दिनचर्या का जीवन-यापन कर पा रहा है।डॉ. संदीप दवे मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मरीज का लिवर प्रत्यारोपण किया गया जिसके लिये मरीज ने विशेष धन्यवाद दिया एवं डॉ. एस.एन. मढ़रिया का योगदान रहा जिसकी वजह से मरीज को लिवर मिल सका और मरीज आज पूरी तरह से स्वस्थ्य है। रामकृष्ण केयर अस्पताल के डॉक्टर्स की लिवर प्रत्यारोपण की टीम - डॉ. मो. अब्दुन नईम, डॉ. अजीत मिश्रा, डॉ. युक्तांश पांडे, डॉ. राजकुमार, डॉ. धीरज प्रेमचंदानी, डॉ. पारधासार्दी मेडिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी टीम -डॉ. संदीप पांडे, डॉ. ललित निहाल, क्रिटिकल केयर - डॉ. विशाल कुमार, आपातकालीन एवं ट्रामा विभाग - डॉ. संतोष सिंह, शिशु एवं बाल्य रोग विभाग- डॉ. पवन जैन, एवं एनेस्थिसिया विभाग - डॉ. सर्वेश लाल तथा ओटी, नर्सिंग एवं प्रत्यारोपण सहायक टीम का विशेष योगदान रहा जिसकी वजह से सफलतापूर्वक लिवर प्रत्यारोपण हो सका।

## संपादकीय

# शिक्षा के अधिकार का फायदा होना चाहिए, नुकसान नहीं

लोकतंत्र में जनता को हर तरह का अधिकार होना ही चाहिए।इससे कोई इंकार कर ही नहीं सकता। जब भी जनता को कोई अधिकार दिया जाता है तो यह सोचकर दिया जाता है कि उसका फायदा ही होगा। अगर उससे पांच दस साल में पता चलता है कि इससे नुकसान हो रहा है तो इसका मतलब है कि जब अधिकार देने के विषय में सोचा गया था तो सभी पहलुओं पर सोचा नहीं गया था। सोचा गया होता तो होने वाले नुकसान के विषय में सोचा गया होता, उसे गंभीरता से लिया गया होता और ऐसी व्यवस्था की गई होती कि शिक्षा के अधिकार से जो नुकसान पिछले एक दो दशक में देश के बच्चों का हुआ है, वह नहीं हुआ होता।

शिक्षा का अधिकार का कानून देश में कांग्रेस सरकार के समय बनाया गया और 2010 में लागू हुआ।इसके तहत देश के बच्चों के लिए अनिवार्य व निशुल्क शिक्षा का व्यवस्था की गई थी यानी पहली से आठवीं तक सबको अनिवार्य और निशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था की गई थी।देखने में तो यह कांग्रेस सरकार की बड़ी उपलब्धि है, कांग्रेस नेता इसे अपनी उपलब्धियों में गिनाते भी है। इसका मकसद निश्चित रूप से देश में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को शिक्षा देना रहा होगा, स्कूलों में बच्चों की संख्या भी बढ़ी होगी, शिक्षा के अधिकार में एक खामी रह गई कि इसमें बच्चों को फेल नहीं करना था। यानी पहली में भर्ती हुआ बच्चा आठवीं तक बिना फेल हुए पहुंच जाता है लेकिन अब पता चल रहा है कि उसे न तो हिंदी ठीक से लिखना आता है नहीं गणित के सरल सवाल वह कर सकता है। शिक्षा का अधिकार लागू होने के बाद के आंकड़ों से पता चलता है कि देश में आठवीं पास बच्चों की संख्या बहुत बढ़ी है लेकिन उनकी शिक्षा का स्तर पहली,दूसरी के बच्चे के समान भी नहीं है।

शिक्षा के अधिकार कानून के कारण शिक्षक बच्चों को फेल नहीं कर सकते थे, बच्चों को मालूम था कि वह फेल नहीं किए जाएंगे तो वह ठीक से पढ़ते नहीं थे,शिक्षक भी बच्चों की शिक्षा के प्रति गंभीर नहीं रहे। उनको भी पता था कि बच्चा को जब पास ही होना है तो उसे पढ़ाने का क्या मतलब है, बच्चा पास होते जाता है तो माता पिता को भी मतलब नहीं रहता है कि बच्चे को क्या आता है, क्या नहीं आता है। पिछले एक दशक में करोडो रुपए बच्चों की शिक्षा में खर्च हुए लेकिन बच्चों को उसका कोई खास फायदा नहीं हुआ।खासकर गांवों के बच्चों को।

केंद्र में 2014 में सरकार बदली और मोदी सरकार आई तो आरटीई के तहत फेल न करने की नीति से शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होने का पता चला।इस नीति पर विचार करने के लिए मोदी सरकार ने 2015 में एक उपसमिति बनाई।2018 में इस पर एक रिपोर्ट आई जिसमें 23 राज्यों से सुझाव लिए गए थे।मात्र पांच राज्यों ने फेल न करने की नीति का समर्थन किया था।आठ राज्यों ने वापस लेने की बात कही थी।छत्तीसगढ़ समेत 12 राज्य फेल न करने की नीति में संशोधन करने के पक्ष में थे।संशोधन 2019 में लागू हुआ।इसमें राज्यों को शिक्षा नीति में बदलाव का अधिकार दिया गया।राज्यो में हरियाणा,दिल्ली व महाराष्ट्र ने अपनी शिक्षा नीति में संशोधन कर फेल नहीं करने की नीति को बदला। पांचवीं व आठवीं की वार्षिक परीक्षा में पास होना जरूरी किया गया।

छत्तीसगढ़ 18 से नंवबर 23 तक भूपेश बघेल की सरकार थी,उसने शिक्षा नीति में बदलाव करने कोई ध्यान नहीं दिया। उसने अंग्रेजी शिक्षा को बेहतर करने की ओर जरूर ध्यान दिया।बताया जाता है कि साल 2021 में ही स्कूल शिक्षा विभाग ने आंतरिक सर्वेक्षण करवाया था जिसमें पता चला था कि चौथी कक्षा के बच्चों का ज्ञान पहली के बच्चे जैसा और आठवीं के बच्चे का ज्ञान चौथी कक्षा के बच्चे का है। शिक्षा का बेस कमजोर होने के कारण ही 9वीं से 12 तक का रिजल्ट भी खराब आ रहा है। साय सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता के लिए आरटीई में बदलाव के निर्देश दिए हैं,अब राज्य में आठवीं तक पास करने का नियम बदलेगा, पांचवी व आठवीं की सीजी बोर्ड परीक्षा होगी।

शिक्षा व्यवस्था में जब तक बच्चों व शिक्षकों की मानिटरिंग नहीं होगी, यह पता लगाना मुश्किल होता है कि बच्चे का शिक्षा स्तर क्या है और शिक्षक ने उसके पीछे कितनी मेहनत की है।पहले ऐसा करना आसान नहीं था पर अब तकनीक के चलते ऐसा करना संभव हो सकता है।अब छत्तीसगढ़ के हर बच्चे पर नजर रखने के लिए व्यवस्था की जा रही है।राजधानी रायपुर में विद्या समीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है।स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को इससे बेहतर बनाया जा सकता है।एप के जरिए शिक्षा की बेहतरी के लिए बनाई गई योजनाओं की मानिटरिंग हो सकेगी। एक एक बच्चें के प्रदर्शन पर नजर रखना संभव होगा। विद्यार्थियों के अकादमिक आकलन एआई की मदद से किया जा सकेगा। इससे जहां सुधार की जरूरत है,जैसे सुधार की जरूरत है वैसा किया जा सकेगा।अब सीएम साय के समय में राज्य में बच्चों को शिक्षा का अधिकार तो होगा ही लेकिन इस बात का खास ख्याल रखा जाएगा कि इससे फायदा हो कोई नुकसान न हो। एक सरकार की यही तो जिम्मेदारी होती है कि जनता को जो अधिकार मिले हैं, उसका उसे पूरा फायदा मिले।

### यह ठीक नहीं है

**ललित गर्ग**

# सस्ती एवं नकारात्मक राजनीति है लेटरल एंट्री का विरोध

भारतीय नौकरशाही संरचना के प्रभावी एवं परिणामकारी प्रदर्शन को निश्चित रूप से लेटरल एंट्री प्रक्रिया के साथ पूरक किया जा सकता है। लेटरल एंट्री नई बाहरी प्रतिभाओं को लाकर, सरकारी अधिकारियों को सार्वजनिक कल्याण के लिए और अधिक काम एवं प्रभावी काम करने के लिए प्रेरित करके नियमित सरकारी अधिकारियों को पूरक कर सकते हैं, लेकिन लेटरल एंट्री की प्रणाली को अधिक समावेशी, पारदर्शी और असरदार बनाने के लिए एक निश्चित नीति के साथ आगे बढ़ने एवं इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सकारात्मक रवैया अपनाना देश विकास के लिये जरूरी प्रतीत होता है। इसके लिये वर्तमान नरेन्द्र मोदी सरकार ने जो कदम उठाया है, उस पर राजनीति करने करने की बजाय उसमें देशहित को सामने रखा जाना चाहिए। वैश्वीकरण ने शासन के काम को अत्यंत जटिल बना दिया है और यही वजह है कि इस क्षेत्र में विशेषज्ञता और कौशल की मांग पहले से बहुत अधिक बढ़ गई है। अर्थव्यवस्था और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में थिंक-टैंकों की आवश्यकता के मद्देनजर तथा अन्य ऐसे विभागों में जहाँ विशिष्ट प्रकार की सेवाओं की आवश्यकता होती है, लेटरल एंट्री से संयुक्त सचिवों की नियुक्ति की जानी प्रासंगिक एवं उपयोगी कदम है।



संघ लोकसेवा आयोग ने केंद्र सरकार के 24 मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव की भूमिकाओं के लिए प्रतिभाशाली, कार्यक्षम और दक्ष भारतीय नागरिकों से 45 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करके सिविल सेवाओं में लेटरल एंट्री ( सीधी भर्ती ) का स्वागतयोग्य एवं सराहनीय प्रयोग कर रहा है। भले ही इस मुद्दे को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों में विरोध के स्वर देखने को मिल रहे हैं। वैसे भी ऐसे राजनीतिक लोगों एवं दलों की आंखों में किरणें आंज दी जाये तो भी वे यथार्थ को नहीं देख सकते। क्योंकि उन्हें उजाले के नाम से एलर्जी है। विपक्षी दलों विशेषतः कांग्रेस ने एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों के आरक्षण की उपेक्षा के लिए सिविल सेवाओं में लेटरल एंट्री नीति की आलोचना की है। जबकि भारत में सिविल सेवाओं में लेटरल एंट्री का तात्पर्य सरकार के मध्य और वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर पेशेवरों एवं प्रतिभाशाली कर्मियों की भर्ती से है। जिसमें प्रतिभाशाली एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य विशिष्ट कौशल और विशेषज्ञता लाना है जो पारंपरिक नौकरशाही ढांचे में उतनी प्रभावी प्रतीत नहीं हो रही है। कई संभावित और अच्छे प्रशासक हैं जो अपनी कम उम्र के दौरान सरकार द्वारा आयोजित परीक्षाओं में भाग नहीं लेते हैं। लेटरल एंट्री उन्हें शासन तंत्र का हिस्सा बनने और राष्ट्र निर्माण में योगदान करने का अवसर प्रदान करता है। नया भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत निर्मित करने में इन




प्रतिभाओं का उपयोग होना राष्ट्र में एक नयी रोशनी का अवतरण हो सकता है।

देखा यह गया है कि जब भी ब्यूरोक्रेसी में सुधार की चर्चा होती है, तो इसका विरोध होने लगता है, जो विरोधाभासी एवं विडम्बनापूर्ण होने के साथ-साथ संकीर्ण राजनीति का द्योतक हैं। कांग्रेस और कुछ अन्य दलों की ओर से जिस तरह लेटरल एंट्री पर आपत्ति जताई जा रही है, वह यही बताती है कि नकारात्मक राजनीति की जा रही है। यह आश्चर्जनक है कि ऐसे देश-विकास एवं राष्ट्र-निर्माण के निर्णयों एवं मुद्दों का विरोध करने की राजनीति की कमान राहुल गांधी अपने हाथ में लेते हुए दिख रहे हैं। कम से कम उन्हें तो इससे बचना चाहिए, क्योंकि राहुल गांधी को यह नहीं भूलना चाहिए कि वित्त सचिव के रूप में मनमोहन सिंह की नियुक्ति लेटरल एंट्री ही थी और वह भी बिना किसी निर्धारित प्रक्रिया के। भारत में लेटरल एंट्री कोई नई बात नहीं है। पहले भी भारत में इसका फायदा उठाया जा चुका है। मुख्य आर्थिक सलाहकार की नियुक्ति लेटरल एंट्री से ही की जाती रही है। पूर्व आर्थिक सलाहकार मोंटेक सिंह अहलूवालिया, आधार की नींव रखने वाले नंदन नीलेकणि जैसी बड़ी हस्तियां इसी के जरिए प्रशासन में शामिल हुईं। यह व्यवस्था तदर्थ आधार पर की गई है, यह संस्थागत नहीं है। लेटरल एंट्री की व्यवस्था सिर्फ भारत में ही है। ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड और बेल्जियम जैसे पश्चिमी देशों में पहले से ही सभी क्षेत्रों के योग्य कर्मियों के लिए विशिष्ट सरकारी पदों को खोल दिया है। यह नौकरी के लिए बेहतरीन प्रतिभाओं को आकर्षित करने का एक बेहतर तरीका पाया गया है।

स्पष्ट है कि कांग्रेस एक बार फिर अपने शासन के समय सुधार की दिशा में उठाए गए कदम का विरोध कर रही है। इसके विपरीत वर्तमान सरकार एक तय प्रक्रिया के तहत लेटरल एंट्री कर रही है। इसी कारण इसकी जिम्मेदारी संघ लोक सेवा आयोग को दी गई है। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों को यह भी पता होना चाहिए कि लेटरल एंट्री के जरिये जो नियुक्तियां की जा रही हैं, वे अस्थायी हैं। ये नियुक्तियां केवल तीन वर्ष के लिए हैं और उनमें अधिकतम दो वर्ष की वृद्धि की जा सकती है। प्रशासन में सुधार की हर पहल को आरक्षण से जोड़ना केवल यही नहीं बताता कि वोट बैंक की सस्ती राजनीति अनियंत्रित हो रही है, बल्कि यह भी इंगित करता है कि आरक्षण को हर मर्ज की दवा मान लिया गया है। यह ठीक नहीं कि होनी को अनहोनी बनाने का प्रयत्न हो।

वैसे लेटरल एंट्री राष्ट्रहित का मुद्दा है। जिस पर 2002 की संविधान समीक्षा आयोग ने भी सिफारिश वकालत की। मनमोहन सिंह के समय 2005 की द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग ने केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर लेटरल एंट्री के लिए एक संस्थागत और पारदर्शी प्रक्रिया की सिफारिश की। स्पष्ट है कि कांग्रेस एक बार फिर अपने शासन के समय सुधार की दिशा में उठाए गए कदम का विरोध कर रही है। नीति आयोग ने अपने तीन-वर्षीय कार्य एजेंडा में लेटरल एंट्री के विचार का समर्थन किया। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि लेटरल एंट्री से विशेष ज्ञान और प्रशासनिक कौशल को शामिल करके शासन में सुधार की क्षमता को विकसित किया जा सकता है। शासन में सचिवों का क्षेत्रीय समूह ने भी लेटरल एंट्री प्रणाली का समर्थन किया। यह तर्क दिया गया कि लेटरल एंट्री प्रासंगिक विशेषज्ञता वाले पेशेवरों को पेश करके सार्वजनिक सेवाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाया सकता है और उसे उच्च परिणामकारी बनाया जा सकता है।

विरोध के लिये विरोध करने की सोच एवं उद्देश्यहीन, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक नीति के द्वारा किसी का भी हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होती। राहुल गांधी और कुछ अन्य विपक्षी नेताओं की ओर से यह जो माहौल बनाया जा रहा है कि लेटरल एंट्री के जरिये विभिन्न मंत्रालयों में विशेषज्ञों की नियुक्तियों से आरक्षित वर्गों के हितों को नुकसान होगा, उसका इसलिए कोई औचित्य नहीं, क्योंकि यह कहीं नहीं कहा गया है कि इन वर्गों के लोग आवेदन नहीं कर सकते। राहुल गांधी किस तरह अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ को पूरा करने के लिए एक झूठा विमर्श खड़ा रहे हैं, इसका पता इससे भी चलता है कि 2019 के लोकसभा चुनाव के समय स्वयं उन्होंने पूर्व सैन्य अधिकारियों को लेटरल एंट्री के जरिये सिविल सेवाओं में शामिल करने का वादा किया था। लेटरल एंट्री का उद्देश्य है कि जहां कहीं भी कुशल और जानकार लोग हों, उनकी प्रशासन के संचालन में सेवाएं ली जाएं, ताकि सरकारी नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। इसमें कोई दो राय नहीं कि ब्यूरोक्रेसी में सुधार की आवश्यकता है, लेकिन ऐसा करने से पहले इसे राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त करने की भी आवश्यकता है।

राजनीतिक रूप से मजबूत और स्थिर नरेंद्र मोदी की सरकार ने कंपनियों के दिवालिया होने से जुड़े विवादों के निपटारे, जीएसटी लागू करने, नोटबंदी और कृषि क्षेत्र जैसे कई अहम सुधार किए हैं। मोदी सरकार ने श्रम कानूनों को भी सरल बनाया है। लेकिन, इन सुधारों को लेकर उन्हें उस वक्त के मुकाबले कड़े विरोध का सामना करना पड़ा है, जब पहले पहल इन सुधारों का प्रस्ताव रखा गया था। लेटरल एंट्री जैसे मुद्दे पर भारी विरोध के बादल मंडरा सकते हैं, इसके लिये भाजपा और साथ ही मोदी सरकार को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि विपक्षी दल उसके खिलाफ झूठा नरेटिव खड़ा कर जनता को गुमराह न करने पाएं।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपके दिन की शुरुआत शांत मन होगी। आज अपनी किसी कमजोरी पर विजय पाने के लिए किए गए प्रयासों के परिणाम मिलने वाले हैं। अपने व्यक्तित्व में भी सकारात्मक बदलाव महसूस करेंगे। आप पूरी मेहनत व परिश्रम से जिस काम को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। अवश्य ही सफलता मिलेगी साथ ही किसी नजदीकी मित्र का सहयोग आपकी हिम्मत और हौसला बढ़ाएगा।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको महसूस होगा की परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आज किसी मित्र से मनपसंद तोहफा मिल सकता है। आपका सकारात्मक दृष्टिकोण आपके व्यक्तित्व को और अधिक निखारेगा। आज आप कोई बड़ा फैसला लेंगे। और अपनी योग्यता द्वारा मुश्किल काम को और भी आसान बना लेंगे। आपको ऐसी जगह से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहां से आपने कभी कल्पना भी नहीं की हो जीवनसाथी की वजह से आपका कोई काम बनेगा, फिर भी धैर्य बनाए रखें।

मिथुन राशिः आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आयेंगे। आज आपकी इच्छा शक्ति और रचनात्मकता में सुधार आएगा। आपके अच्छे संपर्कों का दायरा भी बढ़ रहा है जो भविष्य में आपको आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है 7 राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, सभा को संबोधित करने का मौका मिलेगा। आज किसी की बुराइयों पर ध्यान ना देकर अपनी दिनचर्या में ही मस्त और व्यस्त रहेंगे। कुछ समय आध्यात्म में बिताएंगे। आज ऑफिस में सहयोगियों के साथ उचित सामंजस्य बना रहेगा। आप किसी प्रोजेक्ट को पूरा कर लेंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठो का दबाव और घर में अनबन के चलते आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है, जो काम में आपकी एकाग्रता को भंग करेगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज का दिन महिलाओं के लिए बहुत ही अनुकूल है। आप हर परिस्थिति का मुकाबला हिम्मत व साहस से करेंगे। कुछ नई योजनाएं बनेंगी, जो कि आने वाले समय में लाभदायक साबित होगी। परिवार के साथ कोई लंबी यात्रा का भी प्रोग्राम बन सकता है। आज सरकारी सेवारत व्यक्तियों को तरक्की मिलने के योग बन रहे हैं। अगर आप लेखन के क्षेत्र से जुड़े हैं तो आज आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

कन्या राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा 7 नौकरी करने वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी। आज कारोबार में वरिष्ठ अधिकारियों परिवार के सदस्यों का उचित समर्थन और मदद मिलेगी। फोन और संपर्कों के माध्यम से भी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी। आज धन के मामले में धैर्य और शांति बनाए रखने की जरूरत है। आज फिजूल के खर्चो पर नियंत्रण रखेंगे तो कुछ सेविंग्स कर सकते हैं। आज आप किसी थीम पार्क घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं, जहां अपने मित्रों के साथ खूब इंजॉय करेंगे।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। आज आपका व्यक्तित्व और स्वभाव आसपास के लोगों के बीच में सराहनीय रहेगा। इस समय कई खर्चे सामने आएंगे, और साथ ही आय के स्त्रोत भी बढ़ने से आर्थिक समस्या नहीं रहेगी। मित्रों की सहायता से आपको आय के साधन मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे। आर्थिक स्थिति आपकी बेहतर रहेगी। किसी रिश्तेदार के घर दावत पर जाएंगे, जहां सभी लोग इंजॉय करते हुए नजर आएंगे।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपकी उदासी की वजह आपकी नेगेटिव थिन्किंग हो सकती है। आज अपने किसी विशेष काम में मनोनुकूल सफलता हासिल करने में सक्षम रहेंगे, इससे आपका मान- सम्मान बढेगा और नई उपलब्धियों को पाने का रास्ता भी बनेगा। किसी काम के सिलसिले में यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आपको परिवार में फिर से खुशी का माहौल बनाने के लिए जल्द से जल्द इस से बाहर आने की जरूरत है। बच्चे उम्मीदों पर खरे ना उतर कर आपको निराश कर सकते हैं। आप अपने सभी खर्चों को पूरा करने में सक्षम रहेंगे।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आप अपनी ऊर्जा और सूझबूझ द्वारा कोई लक्ष्य पाने में सफल हो सकते हैं। कार्यप्रणाली बेहतर होगी और मनचाही सफलता मिलने से थकान दूर होगी। आज जीवन साथी तथा परिवार जनों का सहयोग आपके मनोबल और आत्मविश्वास को बनाए रखेगा। आज दिन भर कार्यभार बना रहेगा, परंतु अपनी क्षमता का भी ध्यान रखें। काम के साथ-साथ आराम भी लेना आवश्यक है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

मकर राशिः आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आपकी गतिशीलता और आकर्षक व्यक्तित्व भरपूर बना रहेगा। आज अपनी योजनाओं को मूर्त रूप देने का अनुकूल समय है। आज कुछ समय रचनात्मक तथा मनोनुकूल काम के लिए भी जरूर निकालें, इससे आपको मानसिक सुकून मिलेगा। आज ऑफिस में किसी सहयोगी की गतिविधि आपके लिए परेशानी का कारण बनेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे।

कुंभ राशिः आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आज माता-पिता का सानिध्य व सहयोग मिलने से विद्यार्थी खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे।

मीन राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। भाई, बहनों का सहयोग मिलेगा7 आप अपने किसी काम को नया रूप देने के लिए रचनात्मक गतिविधियों का सहारा लेंगे। इसमें उचित सफलता भी मिलेगी। आज घर के बड़े बुजुर्गों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहेंगे और उनका ख्याल रखेंगे।

# व्यंग्यः ग से गरीब भी पढ़ाया करो

**डॉ . सूर्यकांत मिश्रा**

हमारे शुरूआती अक्षर ज्ञान में हमें हमारी शिक्षिकाओं ने बड़े ही सुर और राग के साथ ग से गणेश , ग से गमला, ग से गधा और न जाने क्या - क्या सिखाया ? मुझे आज समझ में आ रहा है कि कहीं न कहीं ग का सारगर्भित अर्थ मुझे या मेरे सहपाठियों को नहीं समझाया गया ! आज जब मैं थोड़ी - बहुत समझ वाली उम्र में हूं तो मुझे ग से ₹ गरीब ₹ ही समझ में आ रहा है ! ग से गरीब ही वह मजबूत तबका है जो चंद रुपयों की लालच में आकर बड़ी - बड़ी पार्टियों को ग से ₹ गद्दी ₹ सौंप रहा है ! अभी भी हमें अपनी भूल सुधारते हुए बच्चों को ग से गरीब पढ़ना शुरू कर देना चाहिए । कारण यह कि ग से शुरू होने वाला यह ऐसा तबका है जो 140 करोड़ लोगों में सबसे ज्यादा पाया जाता है ! मानवीय समाज में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां ग से गरीब की उपस्थिति न हो । इन्हीं गरीबों के नाम पर सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधा ने कुछ ऐसा प्रभाव दिखाया है कि गरीबों का हक मारने पैसे वाले भी गरीब बनना पसंद कर रहे हैं ! ऐसे लोग जिनके पास सब कुछ है वे भी गरीबी रेखा का कार्ड बनवाकर सरकारी योजनाओं के हकदार बनने गरीबों से आगे खड़े दिखाई पड़ रहे हैं । ऐसे गरीब लोग शिक्षा के अधिकार कानून के तहत बच्चों प्रवेश कराकर उन्हें कार से स्कूल छोड़ने जाते हुए गर्व का अनुभव करते हैं । हमारा देश गरीबों का देश है । गरीब ही इस के आधार स्तंभ हैं । इसी कौम पर पूरा देश मजबूती के साथ खड़ा हुआ है ! आश्चर्य तब होता है जब गरीबों के देश में गरीब ही उपेक्षित किया जाता है ! जिस बहु - मंजिली इमारत को बनाने में इसी गरीब ने अपना खून पसीना , पानी की तरह बहाया है उसका उस इमारत में कहीं नामों - निशा नहीं ! उद्घाटन करने वाले का नाम स्वर्णाक्षरों में उभारा जाता है !



हमारे देश के नेताओं ने गरीब की परिभाषा भी बड़ी अच्छी गढ़ी है ! ऐसा व्यक्ति जो दिनभर में 32 रुपए कमाता है , वह गरीब नहीं है ! अब एक नई पहचान भी की जा रही है । वह व्यक्ति जो दिनभर में एक डॉलर के बराबर राशि कमाता है , वह गरीब नहीं है ! अर्थात ज्यादा से ज्यादा 80 रुपए ! हम कह सकते हैं की 30 दिन में 2400 रुपए कमाने वाला इनकी परिभाषा में गरीब नहीं है ! अरे ! भाई साहब ! जरा अपनी आंखों पर अमीरों वाला चश्मा चढ़ाकर देखिए । आपको कहीं गरीब नजर आए तो मेरा विद्रोह कर दें । ऐसा कौन शख्स आपको मिलेगा जो 80 रुपए न कमा सकता हो ! एक भिक्षा मांगने वाला भी इससे कई गुना कमाकर घर लौटता है । हमारे देश में गरीब और गरीबी का मजाक उड़ाने के लिए अनेक तरह के उदाहरण दिए जाते हैं । मसलन सब्जी मंडी में टमाटर के दाम 80 से 100 रुपए पहुंचने पर कहा जाने लगता है :- ₹ लोहा टमाटर से भी सस्ता ₹ भला इस उपमा को उचित माना जा सकता है ? क्या टमाटर की जगह लोहा खाया जा सकता है ? गरीबी को लेकर एक और तुलनात्मक चर्चा की जाती रही है । कहा जाता है :- सावन के अंधे को हरा ही हरा नजर आता है । हमारे देश की संसद में बैठे लोगों से गरीब भला कौन हो सकता है ? तभिब्तो इन जैसे गरीबों के लिए बाजार से भी सस्ता भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है ! 56 भोग से सजी थाली के लिए चंद रुपए लेकर यह दिखाने का प्रयास किया जा रहा है कि अब पहले वाली सब्सिडी बंद कर दी गई है । मैं तो यह कहने से परहेज नहीं करता कि पहले खुले आम सस्ता भोजन मिल रहा था , अब कंबल ओढ़ कर घी, मक्खन , मलाई और न जाने क्या - क्या उदरस्थ किया जा रहा है ? दूसरी बड़ी बात यह भी कि इन्हें न तो जी एस टी चुकाना पड़ता है और न ही स्थानीय कर ! लिया भी क्यों जाए ? टैक्स देने की जिम्मेदारी तो गरीबों के पल्ले डाली गई है !

बाजार की महंगाई के आगे गरीब नत-मस्तक है ! सब्जियों का भाव सुनकर उसका रंग उड़ जाता है ! आलू - टमाटर - प्याज जैसी सब्जियों का स्वाद वह भाव पूछकर ही लेने लगता है । अपना मन मारकर कुछ चंद रुपयों की हरी मिर्च और धनिया लेकर लौटने वाला गरीब चटनी बनाकर चावल और रोटियां गले से नीचे उतार लेता है ! गरीब के बच्चों को भी ईश्वर ने गजब की समझदारी प्रदान की है । वे कभी खीर - पूड़ी खाने की जिद नहीं करते ! करें भी तो पूरी कैसे हो ? इसे वे भलीभांति जानते हैं । गरीब और मजदूर परिवारों में सुबह - सुबह भूखे बच्चों को पिज्जा - बर्गर या आलू - पोहा नहीं बल्कि बासी रोटियां परोसी जाती हैं ! इन रोटियों में वह ताकत है जिसे बच्चे आपस में एक - दूसरे से छीन - झपटकर खा लेते हैं !

### संदर्भ

**पवन वर्मा**

# मुख्यमंत्री मोहन दिलाएंगे मनमोहन मुरली वाले से मध्य प्रदेश को नई पहचान

भगवान मनमोहन श्रीकृष्ण के कारण देश में अब तक मथुरा, वृंदावन, द्वारका, बेटद्वारका,नाथद्वारा,और महाभारत की युद्ध भूमि कुरुक्षेत्र खासे चर्चित और धार्मिक स्थल के रूप में विख्यात और विकसित हुए हैं।भगवान श्रीकृष्ण और मध्यप्रदेश की पावन भूमि का रिश्ता भी अटूट और अनंत हैं। जिसका उल्लेख विभिन्न धार्मिक ग्रंथों एवं पुराणों में भी विस्तार से मिलता है। भगवान मुरलीधर नंदकिशोर ने मध्यप्रदेश में लंबा समय बिताया, उनकी शिक्षा दीक्षा भी यहीं पर हुई लेकिन मध्यप्रदेश भगवान कृष्ण के उस अलौकिक समय को लगभग भूल ही गया था। अब समय बदल रहा है और यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि भगवान भूतभावन महाकाल( उज्जैन),ओंकार-मांधाता( ओंकारेश्वर) ,भगवान राम( ओरछा), देवी शारदा( मैहर),माता बगुलामुखी( नलखेड़ा, आगर मालवा) और मां पीताम्बरा (दतिया)के साथ ही अब भगवान श्रीकृष्ण मनमोहन मुरली वाले से भी मध्यप्रदेश को नई पहचान मिलने जा रही है।अब श्रीकृष्ण से भी मध्यप्रदेश जाना और पहचाना जाए इसका बीड़ा उठाया है मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने।

मध्यप्रदेश और योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का बड़ा ही अद्भुत रिश्ता रहा है।इसके कई जीवंत उदाहरण भी हैं। इस रिश्ते को और व्यापक प्रचार प्रसार देने के लिए प्रदेश में अब श्रीकृष्ण पाथेय प्रोजेक्ट की शुरूआत होने वाली है। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के स्थलों को मध्य प्रदेश सरकार तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय ले चुकी है।इस प्रोजेक्ट के जरिए श्रीकृष्ण के तीन हजार से ज्यादा मंदिरों का रख रखाव किया जाएगा।सांदीपनि गुरूकुल की पुनर्स्थापना भी की जाएगी। यह वह जगह है जहां पर भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा प्राप्त की थी। इस गुरूकुल में 64 प्रकार की कलाओं की शिक्षा दी जाने की योजना प्रदेश सरकार की है। शिक्षा के अलावा संस्कृति पर भी यहां पर ध्यान दिया जाएगा। गुरुकुल में खेती से संबंधित कार्य होंगे, गोवंश का पालन पोषण भी यहां पर किया जाएगा। पौराणिक कथाओं और जानकारों के अनुसार सांदीपनि आश्रम के साथ ही इंदौर के जानापाव में भी भगवान श्रीकृष्ण आए थे। भगवान परशुराम की जन्मभूमि जानापाव में ही भगवान श्रीकृष्ण ने विनम्र भाव से भगवान परशुराम से सुदर्शन चक्र लिया था। मध्यप्रदेश में श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता हुई थी,इसके अलावा मध्यप्रदेश की महिदपुर तहसील के ग्राम नारायणा को कृष्ण-सुदामा मैत्री स्थल के रुप में जाना जाता है।यहीं के ग्राम चिरमिया में स्वर्ण गिरि पर्वत पर भी कृष्ण और सुदामा के चरण चिन्ह हैं।धार जिले के अमझेरा में रुक्मिणी हरण स्थल है।



कहा जाता है कि यहां के अंबिकालय( अमका-झमका माता मंदिर) से भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी हरण किया था।यानि मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण के कई बार चरण पडे.।

स्कन्दपुराण में भी भगवान श्रीकृष्ण और उनके भाई बलराम का उल्लेख उज्जैन को लेकर मिलता है। स्कन्दपुराण के आवन्त्यखण्ड-आवन्तीक्षेत्र-माहात्म्य के अंक पाद तीर्थ महिमा में इसका पूरा उल्लेख है। जिसमें बताया गया है कि अवन्ति जो अब उज्जैन है, में अंकपाद तीर्थ में भगवान श्रीकृष्ण और श्रीबलराम दोनों के दर्शन करने से मनुष्य को यमलोक नहीं देखना पड़ता। वह बैकुण्ठधाम में निवास करता है। क्षिप्रा में स्नान करने के बाद युगल अंक पादों (भगवान श्री कृष्ण के चरण चिन्ह)का दर्शन करके श्रीकृष्ण और बलराम का दर्शन किया जाता है।वैसे उज्जैनवासियों के अनुसार सांदीपनि आश्रम के नजदीक स्थित अंकपात नामक स्थान पर भगवान श्रीकृष्ण अपनी अंक पट्टिका( स्लेट)धोते थे,यहां उनके अंक गिरे इसलिए यह स्थान अंकपात कहलाया।

स्कन्दपुराण में यह भी उल्लेख है कि श्रीकृष्ण अपने नाना उग्रसेन के कहने पर विद्या अध्ययन के लिए उज्जैन आए थे। अंक पाद तीर्थ की महिमा में वर्णन है कि श्रीकृष्ण ने कंस और चाणूर को मारकर अपने नाना उग्रसेन का अभिषेक किया और पूछा, किअब मेरे लिए क्या आज्ञा है ?इस पर राजा उग्रसेन ने कहा कि कृष्ण मेरा सब कार्य सिद्ध है, अब तुम दोनों कृष्ण और बलराम उज्जयिनी पुरी में जाकर विद्या पढ़ो। राजा का यह आदेश पाकर कृष्ण और बलराम आचार्य सांदीपनि मुनि के घर गए और उनसे विद्या ग्रहण की।

स्कन्दपुराण के आवन्त्यखण्ड-आवन्तीक्षेत्र-माहात्म्य के अंक पाद तीर्थ महिमा में यह भी वर्णन है कि श्रीकृष्ण और बलराम ने कितने दिन और रात में पूरा ज्ञान प्राप्त कर लिया था। स्कन्दपुराण के अनुसार सांदीपनि आश्रम में जाकर उन्होंने चारों वेदों को कण्ठस्थ किया, सम्पूर्ण आचार-विचार का ज्ञान प्राप्त किया और रहस्य तथा संहार सहित धनुर्वेद की शिक्षा प्राप्त की और यह सारा ज्ञान मात्र चौंसठ दिन-रात में ही श्रीकृष्ण और बलराम ने प्राप्त कर लिया था।उस समय उज्जैन को अवंतिका के नाम से जाना जाता था और यहां पर राजमाता देवीराजा जयसिंह की पत्नी का शासन था। वासुदेव उन्हें अपनी मुंहबोली बहन कहते थे। इस हिसाब से वह श्री कृष्ण की बुआ थी। लगभग 5266 साल पहले श्री कृष्ण अपने भाई बलराम के साथ पैदल मथुरा से उज्जैन पहुंचे। उस समय उनकी उम्र 11 साल 7 दिन थी। 64 दिनों तक उन्होंने महर्षि सांदीपनि से 64 कलाएं सीखी। 4 दिन में चार वेद, 16 दिन में 16 विधाएं ,6 दिन में छह शास्त्र, 18 दिन में 18 पुराण और 20 दिन में उन्होंने गीता का समस्त ज्ञान प्राप्त कर लिया था।

स्कन्दपुराण के इसी खंड में बताया गया है कि सांदीपनि मुनि ने श्रीकृष्ण और बलराम के ज्ञान प्राप्त करने के असम्भव और अलौकिक कर्म देखकर यह आभास किया कि साक्षात सूर्य और चंद्रमा उनके यहां पर आए हैं। इसके बाद वे अपने शिष्यों के साथ स्नान करने के लिए महाकाल तीर्थ में गए। इन शिष्यों में श्रीकृष्ण और बलराम भी थे। जब दोनों भाईयों ने भगवान महाकाल को प्रणाम किया तब महाकाल साक्षात प्रकट होकर बोले थे, तुम सम्पूर्ण देवताओं के स्वामी हो। अब तुम दोनों को मुनियों, सिद्धों और देवताओं का पालन करना चाहिए।

जनश्रुतियों के अनुसार उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा जी के साथ शिक्षा ग्रहण की थी।मध्यप्रदेश की महिदपुर तहसील के ग्राम नारायणा में भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा का मैत्री स्थल है। इसी के समीप महिदपुर तहसील के ग्राम चिरमिया में स्वर्ण गिरी पर्वत स्थित है। धार्मिक व पौराणिक मान्यता के अनुसार गुरुमाता के आदेश पर श्रीकृष्ण व सुदामा भोजनशाला के लिए इसी स्वर्ण गिरी पर्वत पर लकड़ियां लेने आए थे।

इस तरह मध्यप्रदेश भी भगवान कृष्ण की लीलाओं का साक्षी रहा है और भगवान कृष्ण की ही यह अद्भुत लीला है कि अब यहां राम वन गमन पथ की तरह ही श्री कृष्ण पाथेय भी बन रहा है और इसे बनाने का भार उठाया है भगवान कृष्ण के ही एक लोकप्रिय नाम वाले मुख्यमंत्री मोहन यादव ने।

# कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी भाजपा की हताशा व बौखलाहट: जैन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**दंतेवाड़ा 24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार के कलेक्ट्रेट में 10 जून को हुई तोड़फोड व आगजनी मामले में बीते दिनों भिलाई से कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफतार कर जेल भेज दिया है। इस मुद्दे को कांग्रेस जोर शोर से उठा रही है और इस गिरफतारी को भाजपा की हताशा व बौखलाहट बता घटना के लिए सीधे तौर पर भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही है। इसी मामले को लेकर शुक्रवार को दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता कर कांग्रेस ने 17 बिन्दुओं पर भाजपा से जवाब मांगा है। आज विधायक के गिरफतारी के विरोध में कांग्रेस प्रदेश भर में विरोध स्वरूप धरना प्रदर्शन कर रही है।

दंतेवाड़ा के राजीव भवन कार्यालय में शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर जगदलपुर के पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने देवेंद्र यादव की गिरफतारी की निन्दा करते कहा कि बलौदाबाजार में हुई हिंसा, आगजनी व तोडफोड के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है उनकी नाकामी के वजह से इस तरह की घटना हुई है। बदले की भावना से भाजपा सरकार चुन चुनकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को जेल में डाल रही है जो यह दर्शाता है कि भाजपा सरकार भले ही सत्ता में आ गई हो लेकिन उसकी हताशा व बौखलाहट अभी गई नहीं है। श्री जैन ने कहा कि बलौदाबाजार में हुई हिंसा, आगजनी व तोडफोड़ की कांग्रेस पार्टी भी निन्दा करती है इस तरह की घटनाएं बिलकुल भी नहीं होनी चाहिए। वहीं उन्होने कहा कि अगर घटना हुई है तो इसके लिए प्रदेश की साय सरकार जिम्मेदार है और उनका इंटेलिजेंस पूरी तरह से फेल हुआ है। जिला प्रशासन के फेलवर से ऐसी घटनाएं घटित हुई है। रेखचंद जैन ने कहा कि जिस दिन हिंसा हुई उस दिन विधायक देवेंद्र यादव न कलेक्ट्रेट परिसर में भाषण दिये न ही वे कलेक्ट्रेट में हुए प्रदर्शन का हिस्स बने। वे कुछ मिनट के लिए वहां गए जरूर थे मगर उन्होने किसी भी प्रकार का भाषण व उकसाने वाला काम नहीं किया और थोडे समय बाद ही वे वहां से चले गए थे। उन्होने कहा कि बलौदाबाजार कलेक्ट्रेड में हिंसा से पहले वहां जो भाषण बाजी हुई प्रदर्शन हुआ उसमें कौन लोग शामिल थे पहले सरकार ये बताए। अगर सरकार नहीं बता सकती तो कांग्रेस पार्टी ये बताएगी कि उस प्रदर्शन में नागपुर से 250 की संख्या से अधिक लोग आए थे वे कौन लोग थे? सरकार ने उन लोगों पर क्या जांच कारवाई अब तक की है कितने भाजपा के लोगों को गिरफतार किया है? स्थानीय पुलिस प्रशासन क्या कर रही थी? भीड़ को अंदर क्यों जाने दिया? भीड़ को रोकने की कोशिश क्यों नहीं की गई? एसपी किसके इशारे पर शांत बैठे हुए थे? आम जनता की वाहने जलाई जा रही थी लोगों को दौड़ा दौडा कर मारा पीटा जा रहा था तो पुलिस क्या कर रही थी? ऐसे तमाम सवाल कांग्रेस ने भाजपा सरकार से पूछा है। क्या ऐसा कर माहौल बनाकर सरकार विपक्षी पार्टी को टारगेट करना चाहती थी? हमारे विधायक की गिरफतारी से तो अब यही प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को निशाना बनाकर साय सरकार असली गुनहगारों को बचाने में लगी हुई है। पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता रेखचंद जैन ने पत्रकारों की आंध्र पुलिस द्वारा की गई गिरफतारी को भी अलोकतांत्रित बताया और कहा कि बस्तर के ये चारों पत्रकार कोंटा आंध्रा बार्डर पर बडे पैमाने पर चल रही रेत तस्करी की खबरें दिखाने गए थे इसी दौरान षडयंत्र के तहत छ0ग0 पुलिस के इशारे पर आंध्र पुलिस ने पत्रकारों को फंसाते हुए उन्हें गिरफतार कर जेल भेज दिया। कांग्रेस पार्टी ने पत्रकारों की गिरफतारी को पूरी तरह से भाजपा सरकार का षडयंत्र बताया है और इसके लिए सीधे तौर पर भाजपा के एक नेता पर आरोप मढा है। कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफतारी के विरोध में आज जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में कांग्रेस पार्टी धरना प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ हल्ला बोल कर रही है और देवेंद्र यादव की निशर्त रिहाई की मांग पर अड़ी है।

## एक नजर

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सें रिफर मरीज की पेंड्री मेडिकल कॉलेज में मौत



**डोंगरगढ़ 24 अगस्त।** 29 जुलाई 2024 को एक अज्ञात व्यक्ति जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ में चक्कर आने व सांस लेने में तकलीफ की वजह से भर्ती हुआ था जिसे राजनांदगांव पेंड्री रिफर कर दिया गया था जहाँ ईलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई हैं। हालांकि इसका अंतिम संस्कार पुलिस के द्वारा कर दिया गया है लेकिन अब तक इसकी पहचान नहीं हो पाई है और ना ही कोई परिजन थाना डोंगरगढ़ में संपर्क किया है। मृतक की उम्र 48 वर्ष, रंग गोरा, चेहरे पर हल्के चेचक के दाग, भगवा रंग का गमछा, बाएं हाथ मे ? का गोदना, कत्था कलर का शेन्डो बनियान पहना हुआ था।यदि किसी भी व्यक्ति को इनके बारे में कोई जानकारी मिलती हैं तो वह पुलिस थाना डोंगरगढ़ 9479192111 या पुलिस कंट्रोल रूम 07744 286622 या फिर पुलिस कार्यालय 07744226399 राजनांदगांव में सूचना दे सकता है।

### द्वितीय चरण की काउंसिलिंग 28 अगस्त से

**सुकमा, 24 अगस्त।** शासकीय पॉलीटेक्निक सुकमा में डिप्लोमा इंजीनियरिंग के सिविल, मेकेनिक, इलेक्ट्रिकल ब्रांच में सत्र 2024-25 तके प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष लेटरल एंट्री में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग हेतु द्वितीय चरण हेतु प्रथम व द्वितीय वर्ष दिनाक 28 अगस्त से 31अगस्त 20.24, संस्था में समस्त ऑनलाईन एंट्री एवं अभ्यर्थी सुविधा केन्द्र की व्यवस्था होगी। शासकीय पॉलीटेक्निक सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार माओवाद प्रभावित जिलों के मूल निवासी के लिए कक्षा 10वीं पास अभ्यार्थियों को प्रवेश दी जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश संबंधी जानकारी हेतु संस्था में कार्यालयीन समय में आकर सपर्क कर सकते है या प्रवेश प्रभारी दूरभाष क्रमांक 7999063380 सहा. प्रवेश प्रभारी जयंत चन्द्राकर दूरभाष क्रमांक 7000700260 एवं अंकित चन्द्रवंशी दूरभाष क्रमांक 7999625487 पर सपर्क करें एवं साथ ही का अवलोकन कर सकते है।

### बुनागांव में डाक चौपाल का आयोजन



**कोंडागांव 24 अगस्त।** विकासखंड कोंडागांव के ग्राम बुनागांव में 23 अगस्त शुक्रवार को भारतीय डाक विभाग द्वारा डाक चौपाल का आयोजन किया गया इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती पंचमी कौशिक सरपंच एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री एम एल सुखदेव प्राचार्य उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बुनागांव एवं शिक्षक गण, कृषि विस्तार अधिकारी सन्तोष ठाकुर की आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम मा सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया ततपश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर उप संभागीय निरीक्षक श्री आरएस मिश्रा ने डाक चौपाल में ग्रामीणों को विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से अवगत कराया। डाक चौपाल में ग्रामीणों के लिए विभिन्न योजनाओं से संबंधित जा काउंटर लगाए गए थे, जिसमें मौके पर ही ग्रामीणों द्वारा विभिन्न प्रकार के सुविधाओं जैसे बाल आधार , आधार सीडिंग खाता , विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति खाता , सुकन्या खाता , आरडी खाता , महिला सम्मान बचत खाता एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के खाते खुलवाये गए। आज के डाक चौपाल कार्यक्रम में कुल 3.20 करोड़ का ग्रामीण डाक जीवन बीमा, पीएलआई के 60 लाख , 91 बचत खाता के फार्म जमा किये गए। स्वल्पाहार पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। डाक चौपाल कार्यक्रम में महिला पुरूष, स्कूली बच्चे, शिक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित समस्त शाखा डाकपाल उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम 29 अगस्त को

**उत्तर बस्तर कांकेर, 24 अगस्त।** जिले में 29 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम व 04 सितम्बर 2024 को मॉपअप दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले के 01 से 19 वर्ष तक के समस्त बच्चों को कृमि नाशक गोली एल्बेंडाजोल खिलाई जायेगी तथा जो बच्चे 29 अगस्त 2024 को कृमिनाशक गोली खाने से वंचित रह जायेंगे उन्हें 04 सितम्बर 2024 मॉपअप दिवस के दिन गोली खिलाई जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कृमि नाशक गोली के सेवन से बच्चों, किशोर, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर, एनीमिया के रोकथाम, बौद्धिक विकास तथा शाला के उपस्थिति में सुधार होती है। जिले के कुल 2471 शासकीय विद्यालय, 171 निजी विद्यालय, 09 शासकीय महाविद्यालय, 08 आई.टी.आई., 01 पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं 2141 आंगनबाड़ी केन्द्र है जिनमें लक्षित बच्चों की संख्या 298334 है। जिसमें 01 वर्ष से 05 वर्ष तक 79138 पंजीकृत एवं शाला त्यागी लक्षित बच्चे है, जिनको आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा कृमि नाशक दवा खिलाई जायेगी, तथा शाला त्यागी बच्चों को मितानिन द्वारा चिन्हांकित कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से कृमि नाशक की गोली खिलाई जायेगी। 06 वर्ष से 19 वर्ष तक के लक्षित बच्चों की संख्या 219196 है, जिन्हें समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, अनुदान प्राप्त शालाओं, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, मदरसा, निजी स्कूलों एवं आई.टी.आई. में तथा कॉलेज के प्रथम वर्ष के बच्चों को नोडल शिक्षकों के माध्यम से कृमि नाशक दवा खिलाई जाएगी। जिले में शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग और आदिम जाति कल्याण विभाग के समन्वय से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# छुरिया ब्लाक के अंतिम छोर बेदाड़ी पहुंचकर जिला प्रशासन ने किया जनसमस्याओं का निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 अगस्त।** राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए जिले के अंतिम छोर छुरिया विकासखंड के वनांचल ग्राम बेंदाड़ी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता साहू, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल उपस्थित थे। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। शिविर में गर्भवती माताओं की गोद भराई के लिए सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा नन्हे बच्चों का अन्न-प्राशन्न किया गया। गर्भवती माताओं को अच्छा खान-पान रखने की सलाह दी गई। ताकि उनके शिशु स्वस्थ एवं सुपोषित रहें। पालक चौपाल से प्रेरित होकर खान-पान में सुधार से कम वजन से सामान्य वजन होने पर दो नन्हे बच्चों को भी पौष्टिक आहार देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया।




जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने जिले के अंतिम गांव बेंदाड़ी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी पहुंचे है, जिनके द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी को पूरा किया जा रहा है। महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान बनाएं जा रहे है। मातृत्व वंदन योजना से शिशुवती माताएं लाभान्वित हो रही है। शासन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य सभी क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होकर अपनी समस्याओं का समाधान कराने, योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने व योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि शासन की योजनाओं की जानकारी और योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शिविर में उपस्थित है, जिनसे शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते है और शासन की योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकते हैं। योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन आपके गांव पर पहुंचा है।

## समाचार संक्षेप

### खेलों में डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**किरन्दुल 24 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डी ए वी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर मीट के कलस्टर 3 के आयोजन का प्रभार इस वर्ष डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल के प्राचार्य के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ इस संदर्भ में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन क्रमशः डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल डी ए वी पब्लिक स्कूल बचेली एवं डी ए वी पब्लिक स्कूल करमरी में दिनांक 17 /8/24 एवम् 22/8/24 को प्रतियोगिताएं संपन्न हुई विभिन्न 15 विद्यालयों से आए हुए प्रतिभागियों ने अपने खेल कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा इन प्रतियोगिता का परिणाम निम्नलिखित रहा । बालक वर्ग में अंडर-19 में व्यक्तिगत चैंपियनशिप निहाल रंजन तिवारी व रोहित गुप्ता डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल को मिला बालक वर्ग में अंडर-17 में व्यक्तिगत चैंपियनशिप दिवाकर बैरागी डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल को मिला ,बालक वर्ग अंडर 14 में व्यक्तिगत चैंपियनशिप भविष्य खिलो डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल को मिला ।बालिका वर्ग अंडर 14 में व्यक्तिगत चैंपियनशिप लक्ष्मी हरिजन डी ए वी स्कूल किरंदुल को मिला और साथ ही सारे खेल प्रतिस्पर्धा में ओवरऑल चैंपियनशिप भी डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल को मिला खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जो दिनांक 31 अगस्त से 4 सितंबर 2024 तक रायपुर ,बिलासपुर ,भिलाई एवं कुस्मुंडा में संपन्न होगा उपरोक्त छात्र खेल प्रभारी मनोज सिंह एवं तृप्ति श्रीवास्तव के निर्देशन में भाग लेंगे उपरोक्त सफलता पर प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की ।

### महापौर के मॉस्को दौरे व एमओयू पर दुबे ने उठाया सवाल

**रायपुर 24 अगस्त।** नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने मॉस्को में जो लाइट मेट्रो ट्रेन पर एमओयू समझौता हस्ताक्षर किया है इस पर भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने नगर निगम आयुक्त से चर्चा कर पूछा कि महापौर का उक्त्त मॉस्को दौरा ऑफिसियल है कि नही तो निगम आयुक्त अभिनेष मिश्रा ने बताया कि यह अनऑफिशियल दौरा है । छत्तीसगढ़ शासन या निगम प्रशासन से महापौर एजाज ढेबर को आने जाने की टिकट की राशि भी सरकार ने नही दिया है वे अपने निजी दौरे पर गए हुए हैं । भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने महापौर एजाज ढेबर के मॉस्को लाइट मेट्रो ट्रेन स्ब्ह समझौता हस्ताक्षर पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि रायपुर नगर निगम के 70 वार्ड की सीमा के बाहर भिलाई - दुर्ग तक लाइट मेट्रो ट्रेन के समझौता हस्ताक्षर करने का अधिकार महापौर के पास है ही नहीं , यदि महापौर पिछले 3 वर्षों से मॉस्को जा रहे थे और प्रयास कर रहे थे तो उन्हें एमओयू में उक्त्त विषय पर संकल्प प्रस्ताव स्वीकृत करा कर सामान्य सभा में प्रस्ताव लाकर उसे राज्य सरकार के पास भेजना था । और राज्य सरकार से आग्रह करना था कि वह रायपुर से दुर्ग लाइट मेट्रो ट्रेन चलाना चाहते हैं , तब तो कांग्रेस के ही मुख्यमंत्री थे ।वास्तव में महापौर एजाज ढेबर को मालूम है कि 1 महीने बाद आचार संहिता लग जायेगी , बारिश में सड़कों का बुरा हाल है , गली मोहल्लों की सड़कों में जल भराव की समस्या है । बारिश में भी कुछ वार्डों में जनता को टैंकर से पानी पिलाने का काम चल रहा है । सदर बाजार , सत्ती बाज़ार , कंकाली पारा , बूढ़ेश्वर मन्दिर , पुरानी बस्ती मुख्य मार्ग 6 महीने से अँधेरे में डूबे हुए हैं । रायपुर शहर की हजारों स्ट्रीट लाइटें बन्द पड़ी है , इन सब समस्याओं का निराकरण करना छोड़ महापौर मौका मिलते ही बेवजह का काम निकाल कर मौज मस्ती घूमने के लिए मॉस्को विदेश यात्रा अपने निजी ख़र्च पर चले गए हैं और अपने अधिकारिता क्षेत्र के बाहर जाकर रायपुर नगर निगम के महापौर पद के नाम से स्ब्ह पर समझौता हस्ताक्षर करते हैं , जो कि नगर निगम के अधिनियम के विरुद्ध है जिसकी जाँच होनी चाहिये । भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे प्रदेश के मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मन्त्री से मिल कर बिना अनुमति महापौर की विदेश यात्रा और मॉस्को में स्ब्ह हस्ताक्षर करने की जाँच की मांग करेंगें ।




**सुकमा 24 अगस्त। बालक आश्रम को पुनः ग्राम पंचायत गोण्डेरास में ही संचालित करने सौंपा ज्ञापन।**

# चेम्बर अध्यक्ष प्रत्याशी ने बताई भावी योजनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 24 अगस्त।** यहां बस्तर चेम्बर ऑफ कामर्स के चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी श्याम सोमानी ने आज पत्रवार्ता में कहा कि इस वर्ष हमारी टीम उल्लेखनीय कार्य करेगी। बहुउद्देशीय भवन का निर्माण कराया जाएगा। इस भवन का उपयोग सामाजिक कार्यों सहित अन्य आयोजनों के लिए किया जाएगा। सर्वसुविधा युवक्त आक्सीजन वेंटीलेटर वाला चिकित्सा वाहन तथा ट्रांजिट सुविधा समाज सेवी संस्थाओं व अस्पतालों के सहयोग से उपलब्ध कराया जाएगा। चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएगा। शासन के सहयोग से औद्योगिकीकरण में स्थानीय भागीदारी सुनिश्चित कराई जाएगी। सोमानी ने बताया कि




सदस्यता का विस्तार करने कार्य योजना लागू की जाएगी। सदस्यों के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएंगे. चेम्बर की पत्रिका का प्रकाशन पुनः किया जाएगा। दो दिवसीय अधिवेशन का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विमल बोथरा, महामंत्री कमल सेठी, मंत्री नवरतन जलोटा, गेंजद्र चांडक, दीपक भानुशाली श्रीधर राव भद्दी कोषाध्यक्ष मौजूद थे।

## आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत नीति आयोग ने ली वीडियो कान्फ्रेंसिंग

**उत्तर बस्तर कांकेर, 24 अगस्त।** नीति आयोग, भारत सरकार के उपाध्यक्ष ने वीडियो काफ्रेंसिंग के माध्यम से आज देश के आकांक्षी जिला और विकासखण्ड में शामिल विभिन्न जिलों के कलेक्टर्स की बैठक ली। इस दौरान नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम (सम्पूर्णता अभियान) में शामिल जिले और विकासखण्ड की डेल्टा रैंकिंग जारी की गई, जिसमें आयोग द्वारा जारी डेल्टा रैकिंग प्रोग्रेस रिपोर्ट में मार्च 2024 की स्थिति में जिले के दुर्गूकोंदल ब्लॉक को ऑल इंडिया रैंकिंग में 17वां और राज्य स्तर पर पहला रैंक मिला है। इसी तरह जिले के कोयलीबेड़ा विकासखण्ड को मार्च 2024 की स्थिति में पूरे देश में 39वां और राज्य स्तर पर तीसरा रैंक प्राप्त हुआ है। नीति आयोग द्वारा जिले के दुर्गूकोंदल और कोयलीबेड़ा ब्लॉक सहित देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों और विकासखण्डों की उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं। जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित उक्त वर्चुअल बैठक में कलेक्टर श्री निलेश कुमार क्षीरसागर और जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री सुमीत अग्रवाल शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि आकांक्षी जिले की तर्ज पर 01 जुलाई 2024 से आगामी 30 सितम्बर तक आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम चलाया जा रहा है जो भारत सरकार के नीति आयोग के तहत संचालित है। इसके तहत अल्प विकसित ब्लॉकों का चयन कर उनका त्वरित एवं प्रभावी ढंग से योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

**सुकमा, 24 अगस्त।** गुरूवार को कलेक्टर श्री हरिस.एस ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के आपातकालीन विभाग, सर्जिकल वार्ड, शिशु वार्ड, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, पोषण पुनर्वास केंद्र, गायनिक वार्ड, ओपीडी सहित एक्स-रे कक्ष, ऑपरेशन थियेटर, पैथोलॉजी लैब का भ्रमण किया और यहां भर्ती मरीजों एवं संबंधित डाक्टरों से मरीजों के इलाज के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। वार्डों में भर्ती मरीजों से रूबरू चर्चा कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधा के संबंध में जानकारी ली और मरीजों की बेहतर निगरानी और उपचार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में चिकित्सक सहित अन्य स्टॉफ की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए मरीजों का समय पर उपचार करने तथा जिला चिकित्सालय में स्वच्छता एवं साफ-सफाई बनाए रखने और कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जिला अस्पताल परिसर में 20 बेड पोषण पुनर्वास केंद्र की गुणवत्ता एवं कक्ष के उपयोग का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान गुणवत्ताहीन शौचालय निर्माण, प्लास्टर, केंद्र की पोताई नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने शीघ्र ही व्यवस्था सुधार कर, केंद्र का नाम, भवन की पोताई कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. महेश सांडिया सहित अन्य चिकित्सकगण एवं स्टॉफ उपस्थित थे।




## नाकामी और बदनामी को छुपाने विपक्ष के नेताओं को सरकार कर रही परेशान

# कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी भाजपा की बौखलाहट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 24 अगस्त।** आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता शहर कॉग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य द्वारा की गई।प्रेसवार्ता में शामिल बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुएप्रदेश की भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा,भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव बलौदाबाजार में न भाषण दिये और न ही कलेक्टर ऑफिस प्रदर्शन में शामिल हुये। वे भीड़ में पांच मिनिट रूक कर वापस आ गये थे। कही भी किसी हिंसक घटना में उनके संलिप्तता का कोई भी साक्ष्य नहीं और न ही वे किसी भी प्रकार की घटना में शामिल थे।पुलिस ने उनको गलत तरीके से गिरफ्तार किया है। श्री बघेल ने कहा,सरकार, पुलिस बताये किन भाजपा नेताओं को नोटिस दिया, पूछताछ की गयी। न्याय संगत कार्यवाही होनी चाहिये।भाजपा सरकार का चरित्र और व्यवहार 8 माह में ही अलोकतांत्रिक हो गया है।पत्रकारों को गलत तरीके से फंसाने उनकी गाड़ी में गांजा रखा जाता है। विपक्ष के विधायक को झूठे मुकदमे में फंसा कर गिरफ्तार किया गया।बलौदाबाजार के मामले में सतनामी समाज और कांग्रेस के लोगों को चिन्हांकित करके उनको जेलों में डाला गया। कांग्रेस भाजपा सरकार के इस आताताई चरित्र से डरने वाली नहीं। इस प्रकार के कृत्यों से हमारा कार्यकर्ता और मजबूती से सरकार के खिलाफ जनता की आवाज उठायेगा।बलौदाबाजार में हुई आगजनी की भयावह घटना शासन प्रशासन की बड़ी लापरवाही व सरकार की इंटेलीजेंट के फैल हो जाने के कारण हुई। समय रहते सरकार व प्रशासन सचेत हो जाता व समाज के द्वारा सीबीआई जांच की मांग को पूर्व में ही मान लेता तो प्रदेश को शर्मसार करने वाली घटना से बचा जा सकता था। श्री बघेल ने कहा इस पूरी घटना के लिये प्रदेश की भाजपा सरकार दोषी है। लचर कानून व्यवस्था और प्रशासन की निरंकुशता व लापरवाही से बलौदाबाजार में सतनामी समाज के आंदोलन में असामाजिक तत्वों की घुसपैठ हुई और इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया गया, जिसके लिए प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह दोषी है।साय सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदाबाजार में कानून व्यवस्था बिगड़ी है। यदि समय रहते जैतखाम को क्षति पहुंचाने वालों पर कार्यवाही की गई होती और आहत समाज से संवाद किया गया होता तो ऐसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती। धार्मिक भावनाएं आहत होने पर आंदोलित समाज को विश्वास में लिया गया होता तो ऐसे विध्वंसक प्रतिक्रिया नहीं होती। श्री बघेल ने कहा हमारी मांग है कि इस पूरे आंदोलन में भाजपा के जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े सहित अन्य भाजपा नेताओं की भूमिका की जांच हो।0 धरना प्रदर्शन को कलेक्टर से परमीशन दिलाने वाला कौन था?



एक नजर

## आबकारी विभाग की कार्रवाई: ब्रेजा कार के साथ ओडिशा की शराब जब्त




**रायगढ़, 24 अगस्त।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आबकारी अपराधों पर नियंत्रण हेतु जारी अभियान के तहत वृत्त रायगढ़ दक्षिण अन्तर्गत आबकारी जांच चौकी रेंगालपाली में अंतर्राज्यीय अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही की गई। मुखबिर द्वारा आबकारी उपनिरीक्षक रागिनी नायक को सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की मारूति सुजुकी ब्रेजा कार में एक व्यक्ति द्वारा भारी मात्रा में अवैध रूप से अन्य प्रांत की मदिरा का परिवहन किया जा रहा है। तत्काल कार्यवाही हेतु घेराबंदी कर उक्त वाहन क्रमांक सीजी 13 एवी 8881 को रोक कर विधिपूर्वक तलाशी ली गई। वाहन चालक रघुनंदन के समक्ष तलाशी में ब्रेजा गाड़ी में अवैध रूप से धारण कर परिवहन करते हुए केवल ओडिशा में विक्रय हेतु लेबल लगी हुई मदिरा जॉनी वॉकर ब्लैक लेबल 6 नग बॉटल, जॉनी वॉकर ब्लेंड 2 नग बॉटल, एब्सोल्यूट वोदका 2 नग बॉटल, कोरोना एक्स्ट्रा बीयर 30 नग बॉटल, ब्रीजर क्रैनबेरी बीयर 15 नग बॉटल समेत कुल 21.525 लीटर मदिरा (बाजार मूल्य 36,710) पाई गई जिसे जांच पश्चात जब्त किया गया। उक्त व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से मदिरा का धारण और परिवहन आबकारी एक्ट की धारा के तहत गैर जमानती होने पर प्रकरण विवेचना में लिया गया। मौके पर प्राप्त वाहन और अवैध मदिरा को आबकारी विभाग द्वारा कब्जे पर लिया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक रागिनी नायक के साथ मुख्य आरक्षक राधेगोविंद पांडे, आरक्षक लाल सिंह कंवर, बैरियर गार्ड अनिल सिदार, दिनेश साहू, दिवाकर चौहान, वाहन चालक वेदराम साहू का सहयोग रहा।

## किरायेदारों के सत्यापन के लिए चलाएं अभियान:कलेक्टर

**रायगढ़, 24 अगस्त।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के सभी एसडीएम व एसडीओपी के साथ अन्य विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिले में बाहर से आए श्रमिकों और किरायेदारों का सत्यापन किया जाना है। चूंकि रायगढ़ एक सीमावर्ती जिला है ऐसे में यहां पड़ोसी राज्यों से भी लोगों की आवाजाही होती है। कानून व्यवस्था के लिहाज से सभी एसडीएम और पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्र में किरायेदारों का सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाएं। इसके लिए मकान मालिकों को भी जागरूक किया जाए। प्लांट्स में जो गाडियां लग रही हैं वहां ड्राइवर्स के बारे में सभी पुख्ता जानकारी जरूर होनी चाहिए। सीजीएम उद्योग और प्रबंधन विभाग को सभी उद्योगों प्रबंधन को इस दिशा में जानकारी रखने के लिए निर्देशित करने के लिए कहा गया। पुलिस विभाग को वांछनीय जानकारी के लिए प्रपत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री गोयल ने मुखबिर तंत्र को मजबूत रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय स्तर पर गांवों में बाहरी व्यक्ति के आकर निवास करने वालों की जानकारी जुटा रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील मामलों को लेकर भी पूरी सतर्कता बरती जाए। इसमें सूचना व्यवस्था की भूमिका अहम है। प्रशासन और पुलिस अधिकारियों का प्राथमिक दायित्व जिले में शांति व्यवस्था बनाकर रखना है।कलेक्टर श्री गोयल ने सभी अस्पतालों के फायर ऑडिट की जांच करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही रायगढ़ जिले की ऊंची बिल्डिंग्स की सूची तैयार कर उनके भी फायर ऑडिट की जांच के निर्देश दिया गया। कलेक्टर श्री गोयल ने नेशनल हाईवे में ब्लाइंड स्पॉट्स के आस पास एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए। ब्लाईंड स्पॉट्स के पास अवैध कब्जा है उसे हटाने के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया। पशुपालन विभाग द्वारा सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं पर कार्यवाही के बारे में जानकारी ली गई। पशुपालन विभाग के अधिकारी ने बताया कि बधियाकरण और टैगिंग व रेडियम बैंड लगाया जा रहा है। कलेक्टर श्री गोयल ने नेशनल हाईवे में विशेष रूप से रेडियम बैंड लगाने के निर्देश दिए। खनिज विभाग को अवैध परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी रखने के लिए कहा गया।

# पांडुका की छात्रा साक्षी बतौर बाल वैज्ञानिक चेन्नई में हुई सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम /पांडुका,24 अगस्त।** चेन्नई में आयोजित अंतरिक्ष दिवस पर गरियाबंद जिले के पांडुका में पढ़ने वाली साक्षी बतौर बालिका वैज्ञानिक सम्मानित हुई। यंग साइंटिस्ट प्रतियोगिता में साक्षी ने नवाचार मॉडल के तहत वाई फाई से कई गुना तेज चलने वाला लाई फाई का मॉडल बनाया था।चंद्रयान 3 के सफलता पर भारत सरकार द्वारा 23 अगस्त को चेन्नई में यंग साइंटिस्ट इंडिया अवार्ड सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया।जिसमे लाई फाई का मॉडल बना कर सबको चौंकाने वाली साक्षी जायसवाल भी सम्मानित हुई।चेन्नई में पहली बार आयोजित स्पेश-डे पर अतिथि के रूप में आये रशिया तथा कजाकिस्तान के अंतरिक्ष यात्री एडिन एइम्बेटोव, सर्गेई कोर्साकोव एवम स्पेस इंडिया के प्रमुख डॉ केसन ने साक्षी को सम्मानित कर प्रमाण पत्र भी भेंट किया।इस प्रमाण पत्र के साथ साक्षी को अब बाल वैज्ञानिक की उपाधि भी मिल गया है।इस आयोजन में विदेशों से आए कई नामी वैज्ञानिक मौजूद रहे।लाइट के तरंग से डिवाइस को कनेक्ट करने का मॉडल बनाया था साक्षी नेट्ठविगत छै माह से यंग साइटिस्ट इंडिया का ऑन लाइन प्रतियोगिता जारी था।इसमें कई राउंड तक




मॉडल की प्रस्तुति किया जाना था।जिले के नवोदय विद्यालय में कक्षा 10 वी की छात्रा साक्षी ने भी अपने स्कूल में नवाचार प्रणाली के तहत कई मॉडल बनाया हुआ था। इसमें से एक लाई फाई है।वाई फाई से भी यह तेज है।साक्षी ने बताया कि किसी भी डिवाइस को ब्लू टूथ अथवा वाई फाई के बजाए हमने लाइट से निकलने वाले तरंग से डिवाइस कनेक्टर बनाया,जिसका नाम लाई फाई दिया गया।इससे रेडिसियन का भी खतरा नहीं है।प्रदेश स्तर में भी इस नवाचार मॉडल का चयन जोनल स्तर पर हुआ है। साक्षी के पिता देवभोग डीएवी के पूर्व प्राचार्य व बेमेतरा डीएवी के प्राचार्य पी एल जायसवाल है,उनकी माता सुनीता जायसवाल भी कवर्धा में शिक्षिका हैं।साक्षी की तरह इस आयोजन में महासमुंद जिले की दो बेटियों के अलावा बेमेतरा जाता डीएवी स्कूल के 8 छात्रों को यंग साइनिटिस्ट का खिताब मिला है।28 राज्यों से 1800 प्रतिभागियों ने लिया था भागट्ठयंग साइंटिस्ट इंडिया के आयोजन में पूरे भारत के 28 राज्यों से 1800 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमें से ग्रांड फिनाले के लिए कुल 103 छात्र- छात्राए चयनित हुई थी।यंग साइंटिस्ट इंडिया के तीनों चरणों मे साक्षी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा ग्रांड फिनाले तक पहूंची । भाई पियुष जायसवाल भी सबसे कम उम्र के बाल वैज्ञानिक हैं। साक्षी जायसवाल को इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र राम सहित शिक्षक- शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी है।

# काले कारनामों पर पर्दा डालने कांग्रेस कर रही ईडी दफ्तर का घेराव: राकेश

**महासमुंद,24 अगस्त।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा राकेश चंद्राकर ने कांग्रेस के ईडी दफ्तर के घेराव को निरर्थक करार देते हुए कहा कि कांग्रेस के कदम से प्रतीत होता है कि वह भ्रष्टाचार का महिमामंडन कर रही है और जांच एजेंसियों के अस्तित्व पर सवाल उठा रही है। ईडी, सीबीआई और इनकम टेक्स जैसी संस्थाओं का गठन भ्रष्टाचार को रोकने के लिए ही किया गया है और उन्हे यह शक्तियां कांग्रेस शासन में ही मिली थी। जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से कार्य कर रहे हैं और उन पर सरकार का कोई अंकुश नहीं है। चंद्राकर ने कहा कि भ्रष्टाचार की निंदा और समाज को इस बारे में जागरूक करने की जरूरत है, न की जांच एजेंसियों का मनोबल तोड़ने अथवा भ्रष्टाचार का महिमामंडन की। कांग्रेस बेहतर जानती है कि उसके द्वारा 70 साल तक जांच एजेंसियों का किस तरह दुरूपयोग किया गया। लेकिन भाजपा की मंशा और नीति साफ है। पारदर्शिता के लिए कोई समझौता नहीं। उन्होंने कहा कि जनता बार-बार भाजपा को मौके दे रही है और यह स्वच्छ और पारदर्शी शासन से संभव है। कांग्रेस को सोच बदलने की जरूरत है। आज ईडी दफ्तर का घेराव कर अपने काले कारनामों पर पर्दा डालने की कोशिश कांग्रेस कर रही है।प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने कहा कि जांच एजेंसियों का इस तरह का राजनैतिक घेराव बताता है कि कांग्रेस पारदर्शिता को बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। क्योंकि कल तक ईडी जैसी जांच एजेंसियों के गठन का क्रेडिट लेनें वाली कांग्रेस ही, अब इन जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रही है। आज ईडी भ्रष्टाचार के जितने मामलों की जांच कर रही है, उसमें सिर्फ कुछ प्रतिशत राजनेता है, बाकी के अधिकतर मामले अफसरों और अपराधियों के खिलाफ हैं। अब तक कांग्रेस पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के सरकारी 1 रुपए के 15 पैसे में बदलने के सिद्धांत मानकर चलते रहे। यही वजह है कि अधिकांश भ्रष्टाचार के मामले उनके नेताओं द्वारा ही अंजाम दिए गए हैं। चंद्राकर ने आगे कहा कि भ्रष्टाचार निवारण में ईडी की भूमिका इन आंकड़ों से ही स्पष्ट होती है कि 2014 से पहले ईडी ने मनमोहन सरकार में केवल 34 लाख रुपए कैश जब्त किए थे, जबकि एनडीए की सरकार में उसने 2,200 करोड़ रुपए से ज्यादा कैश जब्त किए हैं। मोदी सरकार से पहले इस संस्था ने केवल 5,000 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की थी। पिछले 10 सालों में यह राशि एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गई है। एनडीए सरकार ने 2014 में सरकार बनने के तुरंत बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कई स्तर पर कड़े कदम उठाए। लेकिन कांग्रेस और उनके सहयोगी इंडी गठबंधन को यह सब हजम नहीं हो रहा। जिन्होंने देश को लूटने का काम किया है उन सभी पर ही ईडी की तलवार लटकी है। यही वजह है कि वे नेगेटिव नैरेटिव फैलाकर देश की सभी जांच एजेंसियों की छवि खराब कर, जांच प्रभावित करना चाहती हैं।

## प्रयोगशाला सहायक और तकनीशियन परीक्षा 25 अगस्त को

**रायगढ़, 24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 25 अगस्त 2024 को रायगढ़ जिला मुख्यालय में प्रयोगशाला सहायक और तकनीशियन परीक्षा आयोजित किया जायेगा। परीक्षार्थी व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा प्रात~ 10 बजे से 12.15 बजे तक एवं प्रयोगशाला तकनीशियन की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक सम्पन्न होगी। रायगढ़ जिले के अंतर्गत प्रात~ की पाली में 21 परीक्षा केंद्र एवं शाम की पाली में 17 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटे पूर्व प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे एवं परीक्षा प्रारंभ होने की 15 मिनट के बाद परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकेगी।

मूल परिचय पत्र एवं प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य-सभी परीक्षार्थी अपना फोटो युक्त मूल आईडी जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय के फोटो परिचय पत्र, फोटो युक्त अंकसूची, बोर्ड परीक्षा के लिए जारी फोटोयुक्त प्रवेश पत्र आदि लेकर आना अनिवार्य होगा।

# प्राथमिकता से करें डायवर्सन भू-भाटक की वसूली:कलेक्टर

**रायगढ़, 24 अगस्त।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने शाला भवन उपकर, पंचायत उपकर, डायवर्सन भू-भाटक वसूली की समीक्षा करते हुए कहा कि डायवर्सन भू-भाटक वसूली अपेक्षाकृत कम है, सभी राजस्व अधिकारी भू-भाटक वसूली के कार्य को कार्ययोजना बना कर प्राथमिकता के साथ करें। बैठक में उन्होंने अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन जैसे विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को सभी राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि तहसीलवार नक्शा बटांकन के कार्य में लक्ष्य अनुरूप बेहतर प्रगति आयी है। उन्होंने भू-अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि अवार्ड पारित होने के पश्चात रिकॉर्ड दुरुस्ती का कार्य प्राथमिकता से करने एवं प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आरबीसी 6-4 के प्रकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि जनहानि के सभी प्रकरण निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही वारिसानों के नाम एवं उनके रिश्ते स्पष्ट लिखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नजूल पट्टों के नवीनीकरण हेतु नोटिस देने एवं प्रकरण दर्ज करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत स्थल सत्यापन की जानकारी लेते हुए कहा कि तहसीलों को प्राप्त नक्शे का एक सप्ताह के अन्दर डाउट क्लीयर करने एवं लक्ष्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री गोयल ने सभी राजस्व अधिकारियों को उनके अनुभाग में कालोनाइजर द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण पर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्रों के वितरण एवं वितरित वन अधिकार मान्यता पत्र की आनलाइन एन्ट्री में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने ज्ञात, अज्ञात वाहन दुर्घटना की जानकारी लेते हुए मुआवजा वितरण की जानकारी ली। उन्होंने आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं किसान किताब प्रविष्टि की भी समीक्षा की।इस दौरान एडीएम सुश्री संतन देवी जांगडे, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।स्कूली बच्चों का शत-प्रतिशत बनाए जाति प्रमाण पत्रकलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिले के प्रत्येक स्कूली बच्चों का शत-प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनना चाहिए। इसके लिए सभी एसडीएम स्कूल समन्वयक एवं पटवारियों की बैठक लेकर, शाला प्रवेशी विद्याधियों की स्कूलवार डाटा मंगवाकर कक्षा पहली से बारहवी तक के विद्याधियों के जाति के साथ आय, निवास प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। जिससे विद्यार्थियों के स्कूली शिक्षा के पश्चात कालेज एवं नौकरियों के लिए बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।अपने अनुविभाग में स्थित शासकीय संस्थानों का करें निरीक्षणकलेक्टर श्री गोयल ने सभी राजस्व अधिकारियों को उनके अनुविभाग में स्थित स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र, शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं आंगनबाड़ी केन्द्र जैसे विभिन्न शासकीय संस्थानों के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान वे जन सामान्य से संस्थानों के संबंध में फीडबैक भी ले। जिससे सुविधाओं को और बेहतर किया जा सके।स्कूली समय में अनुपस्थित रहकर गैर शिक्षकीय कार्यों में संलग्न शिक्षकों पर करें कार्यवाहीकलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिले के विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों द्वारा स्कूली समय में अनुपस्थित रहकर गैर शिक्षकीय कार्यों में संलग्न हो रहे है, यह अच्छी बात नहीं है। इससे विद्यार्थियों का शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है।

# शासन के रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले लिपिक वेतन विसंगति दूर करने हुए लामबध्द

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम, 24 अगस्त।** वेतन विसंगति एवं अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा आयोजित करने हेतु जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र कुमार पसपुल के नेतृत्व में माननीय श्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री जी एवं माननीय श्री ओपी चौधरी वित्त मंत्री के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर श्री जागेश्वर कौशल को सौंपा गया है। जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र कुमार पसपुल द्वारा अवगत कराया गया है कि शासन की रीड की हड्डी कहे जाने वाले लिपिक विगत 40 वर्षों से वेतन विसंगति नमक पीड़ा से पीड़ित है शासन लिपिकों की एकमात्र समस्या वेतन विसंगति को 40 वर्षों से नजर अंदाज करते आ रही है सन 1961 से 1973 तक लिपिक एवं शिक्षकों तथा पटवारी का वेतनमान एक समान थी किंतु 1981 से लगातार शिक्षकों का वेतनमान में बढ़ोतरी किया गया किंतु लिपिक का वेतनमान बढ़ाने में शासन किसी प्रकार की दिलचस्पी नहीं दिखाई गई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लिपिक संवर्गों के वेतनमान के निराकरण हेतु उच्च स्तरीय समिति गठन की गई है। समिति द्वारा अनुशंसित अनेक संवर्गों के वेतनमान का उन्नयन का निराकरण किया गया किंतु जिस संवर्ग (लिपिक) हेतु गठित किया गया था समिति द्वारा अनुशंसा के पश्चात भी लिपिकों के वेतनमान का उन्नयन नहीं किया गया है, बड़ा हास्यास्पद वाक्या यह है कि उक्त समिति जिन संवर्गो के वेतनमान के उन्नयन के लिए अनुशंसा नहीं भी की गई थी उन संवर्गो के वेतनमान का निराकरण शासन द्वारा किया जा चुका है किंतु लिपिक का



नहीं किया गया है जिसके कारण लिपिक संवर्ग में कुंठा एवं निराशा का वातावरण निर्मित है लिपिक कर्मचारियों के वेतनमान में निरंतर क्षरण को माननीय उच्च न्यायालय ने भी स्वीकार किया है साथ ही पूर्ववर्ती सरकार के मुख्यमंत्री जी ने लिपिक के मंच से मांगे पूर्ण करने का आश्वासन दिया था किंतु आज दिनांक तक लिपिकों के वेतनमान में सुधार करने की कार्रवाई लंबित है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मिथिलेश नीलम, बसंत समतुल, नीलम संतोष, देवैया मट्टी, संजय बाकड़े, विनोद मड़ी, राहुल राना, गुलशन, श्री ओगर एवम विभिन्न विभागों के सैकड़ों लिपिक उपस्थित थे।परीक्षा आयोजित करने हेतु जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र कुमार पसपुल के नेतृत्व में माननीय श्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री जी एवं माननीय श्री ओपी चौधरी वित्त मंत्री के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर श्री जागेश्वर कौशल को सौंपा गया है। जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र कुमार पसपुल द्वारा अवगत कराया गया है कि शासन की रीड की हड्डी कहे जाने वाले लिपिक विगत 40 वर्षों से वेतन विसंगति नमक पीड़ा से पीड़ित है

शासन लिपिकों की एकमात्र समस्या वेतन विसंगति को 40 वर्षों से नजर अंदाज करते आ रही है सन 1961 से 1973 तक लिपिक एवं शिक्षकों तथा पटवारी का वेतनमान एक समान थी किंतु 1981 से लगातार शिक्षकों का वेतनमान में बढ़ोतरी किया गया किंतु लिपिक का वेतनमान बढ़ाने में शासन किसी प्रकार की दिलचस्पी नहीं दिखाई गई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लिपिक संवर्गों के वेतनमान के निराकरण हेतु उच्च स्तरीय समिति गठन की गई है। समिति द्वारा अनुशंसित अनेक संवर्गों के वेतनमान का उन्नयन का निराकरण किया गया किंतु जिस संवर्ग (लिपिक) हेतु गठित किया गया था समिति द्वारा अनुशंसा के पश्चात भी लिपिकों के वेतनमान का उन्नयन नहीं किया गया है, बड़ा हास्यास्पद वाक्या यह है कि उक्त समिति जिन संवर्गो के वेतनमान के उन्नयन के लिए अनुशंसा नहीं भी की गई थी उन संवर्गो के वेतनमान का निराकरण शासन द्वारा किया जा चुका है किंतु लिपिक का नहीं किया गया है जिसके कारण लिपिक संवर्ग में कुंठा एवं निराशा का वातावरण निर्मित है लिपिक कर्मचारियों के वेतनमान में निरंतर क्षरण को माननीय उच्च न्यायालय ने भी स्वीकार किया है साथ ही पूर्ववर्ती सरकार के मुख्यमंत्री जी ने लिपिक के मंच से मांगे पूर्ण करने का आश्वासन दिया था किंतु आज दिनांक तक लिपिकों के वेतनमान में सुधार करने की कार्रवाई लंबित है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मिथिलेश नीलम, बसंत समतुल, नीलम संतोष, देवैया मट्टी, संजय बाकड़े, विनोद मड़ी, राहुल राना, गुलशन, श्री ओगर एवम विभिन्न विभागों के सैकड़ों लिपिक उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किया नगरपालिका की आबंटित दुकानों का औचक निरीक्षण



**बीजापुर,24 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने पुराना बस स्टेण्ड के सामने नगरपालिका द्वारा आबंटित दुकानों का औचक निरीक्षण किया जिसमें 20 दुकाने एवं लाज संचालित है नगरपालिका के उक्त दुकानों में अब तक 40 लाख रूपए के बकाया राशि शेष है। इसके अलावा कई दुकानदार स्वयं के नाम से आबंटित होने के बाद ऊंचे दर पर अन्य लोगों को किराए पर दे रखा है जिनकी शिकायत कलेक्टर को लगातार मिल रही थी। निरीक्षण के दौरान कई दुकाने बंद पाया गया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित एसडीएम, तहसीलदार एवं सीएमओ को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा बकाया राशि शीघ्र वसूलने के निर्देश देते हुए अवैध रूप से दुकान संचालित करने वालों के दुकानों पर लोक परिसर बेदखली अधिनियम तथ आरसीसी के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं कई दुकानों में बिना किसी वैध विद्युत कनेक्शन के सीधे ग्रिड/मीटर से विद्युत कनेक्शन लेने वाले दुकान संचालको के ऊपर भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिया गया। इस दौरान एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, तहसीलदार श्री डी आर ध्रुव सीएमओ बीजापुर श्री पालदास सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**बीजापुर,24 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नियद नेल्लानार आपका अच्छा गांव से मनवा नेल्ला प्रदेश मेरा अच्छा प्रदेश योजना के तहत 32 युवाओं को प्रदेश राजधानी रायपुर भेजा गया। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्र के गांव पालनार, पदेड़ा, सावनार रेगडगटटा तोडका के 32 युवा आज राजधानी के लिए रवाना हुए ।कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार के तहत अंदरुनी क्षेत्रों में आज प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित हो रही है। इन गांवों में पहले प्रशासन की पहुंच नहीं थी। माओवादी दहशत के गिरफ्त में यह गांव थे जो नियद नेल्लानार योजना के तहत मुख्यधारा से अब जुड़ने लगे हैं। इन गांवों के युवाओं ने स्वस्फूर्त होकर रायपुर भ्रमण के लिए इच्छा जाहिर की युवाओं के उत्साह को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा नियद नेल्लानार से मनवा प्रदेश योजना के तहत प्रथम चरण में 300 युवाओं को रायपुर भेजा जा रहा है। यह योजना सतत् रूप से चलती रहेगी अंदरूनी क्षेत्र के युवा गांव से बाहर मिलकर बड़े-बड़े शहरों में भ्रमण करेगें और शहरी उद्योग, वाणिज्य, पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे विकास का अवलोकन करेगें और अपने गांव के ग्रामीणों को बताएंगे। कि किस तरह माओवादियों द्वारा भ्रम का माहौल बनाकर उनको विकास से वंचित रखा था। अंदरूनी क्षेत्रों के युवाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। कलेक्टर श्री अनुराग पाडेय ने बताया कि इसी तरह अपनी माटी अपना देश श्रेष्ठ बीजापुर श्रेष्ठ देश योजना के तहत एक हजार लोगों को टीम बनाकर भ्रमण के भी भेजा जाएगा ।

## पांडुका परिक्षेत्र में एक बार फिर दिखा तेंदुआ

**गरियाबंद , 24 अगस्त।** जिले के पांडुका परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोंड में एक दिन पहले ही तेंदुआ शिकार की तलाश में घात लगाए बैठा था ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है तेंदुए की खबर पाकर वन अमला मौके पर पहुंची और तेंदुआ को खदेड़ने की कोशिश की पर नाकाम रहे वन अमला ने क्षेत्र में आसपास गांव में हाईलाइट जारी करते हुए अकेले व रातो में घरों से बाहर निकलने पर मना किया है वही सतर्क रहने की अपील की है आपको बता दे कुछ दिनों पहले दतेल हाथी ने एक महिला को कुचला था क्षेत्र में ही हाथी का आतंक देखने को मिला है ग्राम पोंड में डिटेल हाथी एम ई 3 बुधवार को दो महिलाओं के ऊपर हमला किया था जिसमें एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी और दूसरी महिला बुरी तरीके से घायल हो गई थी वहीं किसी तरह जान बचाकर भाग निकली जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है बताया गया की उक्त दोनों महिलाएं मशरूम निकालने सुबह पास के जंगल गई हुई थी इसी दौरान जंगल में घूम रहे दतेल हाथी ने दोनों महिलाओं पर हमला कर दिया गुस्साए हाथी ने बरमती बाई को पैरों से कुचल कर मौत के घाट उतार दियावहीं दुसरी महिला किसी तरह जान बचाने में कामयाब रहे।

## बुनगा में आयोजित पांच दिवसीय शिविर में 325 लोग हुए लाभान्वित



**रायगढ़, 24 अगस्त।** विकासखंड पुसौर के शासकीय आयुर्वेद औषधालय बुनगा में 8 से 23 अगस्त तक आयुष पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई एवं आयुर्वेद विभाग की योजनाओं से रूबरू कराया गया। डॉ.अजय नायक के द्वारा ग्राम-सिलाड़ी में 43, जिलाड़ी में 36, बारडोली में 75, बोदा में 68, सिंगपुरी में 103 रोगियों का उपचार किया गया। जागरूकता अभियान के तहत बुनगा में नशा मुक्ति रैली, स्वच्छता रैली, जीवन शैली में बदलाव हेतु सत्र, हर्बल गार्डन में जड़ी बूटियों की पहचान एवं घरेलु उपचार की विधि, गुदुच्यादी काढ़ा वितरण, योगाभ्यास सत्र, एनसीडी स्क्रीनिंग जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## पीएम कार्यक्रम हेतु बैंक क्रेडिट कैम्प आयोजित



**रायगढ़, 24 अगस्त।** प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा 25 अगस्त 2024 को महाराष्ट्र के जलगांव में स्व-सहायता समूह के 2 लाख महिला सदस्यों के साथ कार्यक्रम किया जाना है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के द्वारा वन क्लीक के माध्यम से स्व-सहायता समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज का वितरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुये रायगढ़ जिले के समस्त बैंकों के द्वारा आजीविका मिशन अंतर्गत लगभग 100 स्व-सहायता समूह की दीदियों को तीन करोड़ की राशि प्रदाय किया गया।जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों को उनके आजीविका की गतिविधियों, चक्रीय निधि के रूप में 15,000 व सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 60,000 रूपये शासन के द्वारा प्रदाय किया जाता है साथ ही साथ बैंक लिंकेज के माध्यम से समूह के सदस्यों को 6 लाख रूपये तक की राशि ऋण के रूप में दिया जाता है।

# लड्डू गोपाल की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ मनेगा कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 24 अगस्त।** जगत के पालनहार सृष्टि के रचयिता लीलाधारी भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मानस मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया जाएगा जिसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है मानस यज्ञ समिति के मार्गदर्शन में इस वर्ष दो दिवसीय आयोजन है।

प्रथम दिवस 25 अगस्त को प्रातः 8-10 के बीच मंदिर में नवीन लड्डू गोपाल की चल प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी संध्या भजन कीर्तन के साथ आरती की जाएगी द्वितीय दिवस 26 अगस्त सोमवार को प्रातः मंदिर की सफाई एवं श्रृंगार किया जाएगा पश्चात 12:00 मानस मंदिर से बजरंग चौक तक राधा कृष्ण और गोप गोपियों की टोली मटकी फोड़ के लिए गाजे बाजे के साथ प्रस्थान करेंगे वापसी पश्चात मानस मंदिर में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं और नगर से आए हुए छात्र-छात्राओं कलाकारों द्वारा श्रीकृष्ण पर आधारित गीतों पर एकल युगल सामूहिक भाव नृत्यों की प्रस्तुति की जाएगी सभी प्रतिभागियों



को आयोजन समिति द्वारा सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा कुंज बिहारी गौशाला समिति खुशरूपाली द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रस्तुति सहभागिता के लिए तीन विद्यालय को शील्ड प्रदान किया जाएगा रात्रि 9:30 से शिक्षक मानस परिवार द्वारा भजन कीर्तन के साथ मध्य रात्रि 12:00 बजे आतिशबाजी के साथ श्रीकृष्ण प्रकट उत्सव मनाया जाएगा एवं मंदिर पुजारी यज्ञेश पांडेय के सानिध्य में पूजा आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा कार्यक्रम की तैयारी में प्रमुख रूप से राजा ओंकार शाह व राजा यशपेंद्र शाह, बजरंग पांडेय के मार्गदर्शन में गोपाल सोनी, शीतल ध्रुव, निखिल साहू, नीरज नायक, अखिल चौबे, शैलेंद्र दीक्षित, मोनू सेन, मिथलेश सिंहा, उज्जवल जैन आदि धर्मप्रेमी युवा, महिला मंडल, व्यापारीगण तैयारी में लगे हैं, सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन हीरालाल साहू चंद्रवती सिन्हा करेंगे।

## समाचार संक्षेप

### कैंसर बायोलॉजी के क्षेत्र में सुभाषनी को मिली पीएचडी

**भखारा, 24 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कुरुद क्षेत्र के ग्राम-नारी निवासी सुश्री सुभाषनी साहू पिता स्व.जगदीश राम साहू, माता गीताबाई साहू



ने कैंसर बायोलॉजी के क्षेत्र में रीजनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी आर.सी.बी फरीदाबाद (दिल्ली एन.सी.आर में प्रसिद्ध डीबीटी संस्थान) से पीएचडी की उपाधि सफलता पूर्वक प्राप्त कर ली है। सुभाषनी ने अपनी प्राथमिक शिक्षा गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारी से ही प्राप्त की है। पश्चात सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय नवापारा से बायोटेक्नोलॉजी में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। आगे की शिक्षा बायोटेक्नोलॉजी में जारी रखते हुए एमएससी की पढ़ाई रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की, विभिन्न परीक्षाओं जैसे डीबीटी जेआरएफ, सीएसआईआर नेट, यूजीसी नेट, जेआरएफ गेट और आईसीएआर(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद )इत्यादि सभी परीक्षाओं को उत्कृष्ट प्रतिभा के साथ उत्तीर्ण की।आगे की पढ़ाई व अनुसंधान के लिए सुभाषिनी साहू ने आर.सी.बी. में करने का निश्चय की और डॉक्टर सैम.जे. मैथ्यू के दिशा निर्देश में डेवलपमेंटल जेनेटिक्स की लैब में पीएचडी के लिए बायोटेक्नोलॉजी में पंजीकरण किया। कैंसर बायोलॉजी में अपना शोध कार्य प्रारंभ किया। पश्चात सुभाषनी साहू ने अपने शोध कार्य को प्रतिष्ठित इंटरनेशनल शोध पत्रिका में प्रकाशित किया। उन्हे अपने शोध कार्य के लिए देश के प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी जे.एन.यू दिल्ली की संगोष्ठी में उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया। 13 अगस्त को सुभाषनी साहू ने अपने पीएचडी के अपने शोध कार्य को डॉ. सैम.जे. मैथ्यू, प्रोफेसर अरविंद साहू और प्रोफेसर राजीव के समक्ष उद्घोषित किया। जिसके बाद सभी प्रोफेसर, परिजनों और गुरुजनों ने उन्हें आगे शोध करते रहने की उम्मीद के साथ ही शोध कार्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### घर घुसकर अश्लील गालीगलौज और मारपीट करने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 24 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थिया द्वारा पुलिस सहायता केंद्र निपनिया में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 22 अगस्त की शाम आरोपी घनश्याम, मनीराम अपने साथियों के साथ मिलकर एक राय होकर, जबरदस्ती घर के अंदर घुस आया एवं अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर लाठी, डंडा आदि से मारकर मुझे एवं मेरे पति को चोट पहुंचाया है, जिससे हम दोनों के सिर, कमर, पैर आदि में चोट आया है। की रिपोर्ट पर पुलिस सहायता केंद्र निपनिया थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध क्रमांक 424/2024 धारा 296, 115(2), 351(2), 333, 324(2), 191(2), 191(3), 190 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस सहायता केंद्र निपनिया पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर, प्रकरण में शामिल सभी 7 आरोपियों को हिरासत लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर दुकान नहीं खोलने की बात पर, पूर्व में हुए वाद विवाद की बात को लेकर, आरोपियों द्वारा घर घुसकर प्रार्थी एवं उसके पति के साथ मारपीट करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में 23 अगस्त को सभी 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम- बलराम उर्फ फुदू, घनश्याम, मनीराम, धनीराम, गणेश राम, प्रदीप, रामकिशुन है। सभी निवासी ग्राम कोनी पुलिस सहायता केंद्र निपनिया थाना भाटापारा ग्रामीण के हैं।

## एक नजर

### पैगम्बर मोहम्मद के अपमान से नाराज मुस्लिम समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**भाटापारा, 24 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महंत रामगिरी के द्वारा दिए गए बयान और पैगंबर मोहम्मद की शान में किए गए गुस्ताखी मामले में मुस्लिम समाज के द्वारा ज़िला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर जल्द कानूनी कार्यवाही की मांग की। समाज ने अनर्गल बयान देने वाले रामगीर के खिलाफकानूनी कार्यवाही की मांग की इस बयान से मुस्लिम समाज मे काफी रोष है। भाटापारा मस्जिद मौलाना मोहम्मद यूसूफने जल्द कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### 7 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 24 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध महुआ शराब का निर्माण करने तथा उसे बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 23 अगस्त को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम खोरसीनाला में घेराबंदी कर, अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाली एक आरोपिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपिया से झिल्ली के पाउच में, कुल 7 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब, कीमती 1400 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 549/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी का नाम गंगा उम्र 35 साल निवासी ग्राम खोरसीनाला थाना सिटी कोतवाली है।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों से पुलिस ने की 40 हजार की वसूली

**बलौदाबाजार, 24 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान के इसी क्रम में कसडोल एवं बलौदाबाजार में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 04 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा उक्त चारों वाहन चालकों के विरुद्ध धारा 185 स्क्क्ष्ह्ल के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें 22 अगस्त को न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले सभी 4 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10, 000-10, 000 का अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार कार्यवाही में न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 4 वाहन चालकों को कुल 40, 000 का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

### कैरियर काउंसिलिंग सहित युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन

# मौजूदा दौर में युवाओं के समक्ष चुनौतियां, व्यक्तित्व विकास व कैरियर संबधित शंकाओं के बारे में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

- ‘हम होंगे कामयाब’ कार्यक्रम का हुआ आगाज
- कलेक्टर सोनी हुए शामिल 200 से अधिक युवा छात्र छात्राओं ने लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 24 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले के युवा छात्र छात्राओं को व्यक्तित्व विकास, कैरियर काउंसिलिंग संबधित शंकाओं के संबध में जानकारी मुहैया कराने के उद्देश्य से बलौदाबाजार- भाटापारा जिले में एक नयी पहल‘‘हम होंगे कामयाब’ अभियान की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम का आगाज जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में हम होंगे कामयाब’ पर कार्यशाला का आयोजन कर किया गया। जिसमें लावलीहुड, कॉलेज, स्किल के प्रशिक्षित छात्र सहित अन्य छात्र छात्राएं 2 सौ से अधिक संख्या में उपस्थित रहे। कलेक्टर दीपक सोनी भी कार्यक्रम में शामिल होकर उपस्थित युवाओं का उत्साहवर्धन किया साथ ही उनके शंकाओ एवं प्रश्नों का जवाब देते हुए उनका हौसला बढ़ाया।

‘हम होंगे कामयाब’ कार्यक्रम जिले के युवाओं के लिए एक वृहद अभियान है। इसके तहत जिला प्रशासन का यह उद्देश्य है कि जिले के युवाओं तक पहुंचकर उनकी करियर काउंसलिंग और गाइडेंस, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और संपूर्ण शिक्षा के साथ ही उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देकर उनका मनोबल बढ़ाना और उन्हें मार्गदर्शन देना, ताकि जिले के युवा अपना भविष्य संवार सके और सकारात्मक राह की ओर बढ़ सके।।‘हम होंगे कामयाब’ कार्यशाला में मौजूदा दौर में युवाओं के समक्ष चुनौतियां, व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर संबधित शंकाओं के संबध मे चर्चा एक्सपर्ट द्वारा की गई। जिसमे मानसिक एवं साइंटिफिक विधि शामिल था। रायपुर एवं बिलासपुर से पहुंचे एक्सपर्ट हेमंत मुदलियार, भूपेंद्र कुमार, ऋत्विक झा एवं रितेश जोशी ने यह प्रशिक्षण दिया। कलेक्टर दीपक सोनी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए हम होंगे कामयाब’ अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यह जिले में अपनी तरह का पहला ऐसा अभियान है जिसके माध्यम से युवाओं की शिक्षा और उनके करियर को लेकर बातचीत और क्षमतावर्धन में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थानीय युवाओं को आसानी से करियर काउंसिलिंग, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हो या स्टार्टअप चलानी हो सब के लिए हम गुणवत्ता युक्त संसाधन उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य है। भविष्य के लिए हम यहां नये इनक्यूबेशन सेंटर एवं कैरियर गाइडेंस हेतु नये सेंटर की स्थापना जिला मुख्यालय में कई जाएगी। हमारे इस काम मे नीति आयोग एवं टाटा ट्रस्ट भी सहयोग प्रदान कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि ऐसे कार्यक्रम आने वाले समय मे सभी विकासखंड मुख्यालयों में किया जाएगा जिससे अधिक से अधिक बच्चें लाभांवित हो सकें।

इस दौरान कलेक्टर ने अच्छा नागरिक बनने की शपथ दिलाई.जिसमे अपने देश, राज्य और जिला बलौदाबाजार का एक अच्छा और जिम्मेदार नागरिक बनने देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता का सम्मान और उसकी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने देश के संविधान और कानूनों का पालन और समाज में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपना योगदान देने, समाज और समुदाय की सेवा और जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने, सभी धर्मों, जातियों और समुदायों का सम्मान और समाज में भाईचारे और समानता की भावना को बढ़ावा देने, पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए प्रयास और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन और देश की प्रगति और विकास में अपना सक्रिय योगदान देने, महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार के भेदभाव या हिंसा का विरोध और समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास, नशे के किसी भी प्रकार से दूर और अपने परिवार, दोस्तों तथा समाज के अन्य लोगों को भी नशे से बचने के लिए प्रेरित करने और नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए शपथ लिया गया।

इस मौके पर सहायक संचालक सांख्यिकी सुमीत मेरावी, जिला सूचना अधिकारी सत्यनारायण प्रधान, जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा भगत, सहायक प्रबंधक जितेंद्र ढ़ीढ़ी, पंजीयक अधिकारी भूपेंद्र वैष्णव सहित अन्य विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# अवैध कब्जा कर मुर्गी दुकान का संचालन, हटाया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डौंडी, 24 अगस्त।** शुक्रवार को नगर पंचायत डोंडी के वार्ड नं. 5 सूरज छात्रावास के पीछे बाउंड्री वाल से लगा हुआ अवैध कब्ज़ा कर मुर्गी दुकान लगाकर विक्रय कर रहा था जिसे कार्यालय द्वारा अवैध कब्ज़ाधारी अल्ताफ पिता अहमद को कब्ज़ा हटाने नोटिस दिया गया था किन्तु उक्त अवैध कब्ज़ा धारी द्वारा कब्ज़ा नहीं हटाया गया जिसे 23 अगस्त को अनुविभागीय दंडाधिकारी (रा.) डोंडी के आदेशानुसार, तहसीलदार कार्यपालिक अधिकारी डोंडी के निर्देश एवं, मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अवैध कब्ज़ा को सयुंक्त टीम के साथ राजस्व विभाग, स्वछता विभाग व पुलिस प्रशासन विभाग के आरक्षक एवं महिला पुलिस बल, अधिकारी, कर्मचारी के द्वारा अवैध कब्ज़ा को हटाने की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही मे तहसीलदार कार्यपालिक अधिकारी हिंसाराम नायक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार देवांगन, पुलिस प्रशासन विभाग से ठाकुर, महिला पुलिस बल निकाय के कर्मचारी रत्न भूषण वाहने, प्रदीप यादव, संदीप यादव, चंद्रशेखर रावटे, किशोर यादव डोमन निषाद, रामकुमार लाटिया, विमल भुआर्य एवं वार्ड नं. 05 के पार्षद भावेश यादव उपस्थित थे।

# सोए बड़े भाई के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर हत्या करने वाला गिरफ्तार

- सिर पर गंभीर चोट लगने से इलाज के दौरान हो गई थी मृत्यु
- मृतक द्वारा आरोपी को देर रात्रि तक नहीं घूमने, घर नहीं आने की बात पर डांटने को लेकर कुछ दिनों पहले दोनों के बीच हुआ था विवाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 24 अगस्त।** 22 अगस्त को प्रार्थी रामप्रसाद निवासी ग्राम गिधौरी द्वारा थाना गिधौरी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 20 अगस्त को शाम 04:00 बजे लगभग आरोपी संतोष द्वारा, अपने सगे बडे भाई मृतक मोहन उम्र 31 साल निवासी ग्राम गिधौरी की सोए हुए हालत में लोहे के राड से सिर में गंभीर रूप से चोट पहुंचाया गया, जिसका मेकाहारा रायपुर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गया। कि रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में अपराध क्र. 174/2024 धारा 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना गिधौरी से निरीक्षक के.सी.दास, सहायक उप निरीक्षक गोकुल पटेल, मानिक राम, प्रधान आरक्षक पिलाराम, आर सुजीत तम्बोली एवं विजय की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी संतोष उम्र 29 साल निवासी ग्राम गिधौरी थाना गिधौरी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसमें पता चला कि बड़े भाई मृतक मोहन द्वारा, देर रात्रि तक नहीं घूमने, घर नहीं आने की बात पर डांटना एवं इसी बात पर से कुछ दिनों पहले दोनों के मध्य हुए झगड़ा विवाद पर से, आवेश में आकर लोहे की राड से अपने भाई को गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी संतोष को 23 अगस्त को गिरफ्तार कर, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2023-2024

ग्राम का नाम- कोदवा

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक भगवती यदु पिता श्री तनाराम यदु जाति ठेठवार निवासी ग्राम कोदवा तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम कोदवा प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. निपनिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 1238/2, 1283, 1641/2, 2581 रकबा क्रमशः 0.1460, 0.1500, 0.5260, 0.4370 हे. कुल खसरा नम्बर 04 योग रकबा 1.2590 हे. लगान 2.24 रूपये के लिए पूर्व में प्रदत्त भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका (किसान-किताब) गुम होने के कारण द्वितीय प्रति भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका (किसान-किताब) प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 11/09/2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 11/09/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
निपनिया


### कचना धुरुवा कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम आयोजित

# जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों ने कालेज परिसर में रोपे फलों के पौधे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरा, 24 अगस्त।** माँ घटा रानी शिक्षण समिति द्वारा संचालित कचना धुरुवा महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान मे एक पेड़ माँ के नामअभियान के तहत पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी आर आर कुर्रे के मार्गदर्शन मे आयोजित कार्यक्रम मे विशेष रूप से स्थानीय जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य द्वय भ्राता नीलकंठ सिह ठाकुर, एवं दीपक चंद्राकार, अखिल भारतीय गोंडवाना समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छुत्तर सिह ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार संतोष जैन, यशवंत यादव, तेजराम ध्रुव, तेजस्वी यादव एवं प्राचार्य डॉ डी के साहू की उपस्थिती मे महाविद्यालय परिषर मे आम, अमरूद, नारियल, बादाम, जामुन करन्ज, कटहल, नीबू, नीम, पीपल कचनार आदि विभिन्न प्रजाति के लगभग 60से 70 पौधो का रोपण किया गया।

आये हुए सभी अतिथियो ने भी एक पेड़ माँ के नाम लगा कर अपनी माँ की याद को चिर स्थाई बनाने एवं धरती मे हरियाली लाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य नीलकंठ सिह ठाकुर ने कहा कि धरती मे जब तक हरयाली रहेगी तब तक धरती मे रहने वाले लोग स्वस्थ रहेंगे। इस लिये प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम पांच पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। वही छत्तर सिह ठाकुर ने पर्यावरण की संतुलन के लिए पौध रोपण को जरुरी बताया, ।उन्होने कहा की यही छोटे-छोटे पौधे जब बड़े होकर वृक्ष बनेंगे तो धरती मे हरियाली आयेंगी।कहा की वर्तमान मे पेड़ लगाना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। पत्रकार यशवंत यादव ने कहा कि पेड़ लगाना सहज है, लेकिन उसके उचित देखभाल के लिये आप छात्र छात्राओं मे एक टीम का गठन कर समय समय मे खाद-पानी देते रहे।जिससे पौधे पूर्ण संरक्षित रहे चलाई जा रही अभियान सफल हो। संतोष जैन ने कहा की ग्लोबल वार्मिंग के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है। एसे मे स्वक्छ हवा लेने के लिये पेड़ पौधो का होना बहुत जरुरी है।सभी ने छात्र छात्राओं को पौधो के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये पांच -पांच बच्चों की टीम बनाकर जिम्मेदारी निभाने का दिशानिर्देशन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी के साहू ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कल कारखानो से निकलने वाली विषैले धुओ से पर्यावरण प्रदुषित हो गया है, जिसके कारण बहुत से जीव जन्तु विलुप्त हो गया है मानव जीवन को बचाना है तो सभी जीओ एवं वनस्पति जगत मे संतुलन आवश्यक है। पर्यावरण मे संतुलन बनाए रखने के लिए सभी शाशन की इस अभियान से जुड कर एक-एक पेड़ माँ के नाम पर जरुर लगाए एवं उसे सुरक्षित रखने के लिए संकल्पित रहे।कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको के साथ साथ छात्र छात्राए उपस्थित रहे सभी ने एक एक पेड़ माँ के नाम लगाकर संरक्षित करने का संकल्प लिये।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email-sepwdkanker2010@rediffmail.com /sc.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**-:ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचनाः-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन कार्य हेतु दिनांक 10.09.2024 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | 36 | 157855 | जिला कोण्डागांव में शासकीय पॉलीटेक्निक भवन निर्माण कार्य। (बचत कार्य) | 176.93 लाख | 10.09.2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर, राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

**नोटः- प्रथम आमंत्रण**

जी-242502002/5

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग कांकेर**
**मण्डल कांकेर**

# चोरों ने बाइक और सायकिल पर किया हाथ साफ

**रायपुर, 24 अगस्त।** तेलीबांधा व डीडीनगर थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने बाइक और सायकिल पार कर दी। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार काशीराम नगर निवासी प्रार्थी अनुग्रह तिर्की 21 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 07 सीसी 9564 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं सत्यम विहार कालोनी रायपुरा निवासी गुलाबचंद कर्ष 45 वर्ष ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के अंदर खड़ी सायकिल को पार कर दिया। चोरी गए सायकिल की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 24 अगस्त।** पुरानी बस्ती पुलिस ने बंधवापारा तालाब के पार में अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बंधवापारा तालाब के पार में दबिश देकर आरोपी अमर सिंह 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है।

# वाहन दिलाने का झांसा देकर 11 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, 24 अगस्त ।** टाटीबंध स्थित टाटा मंगलम मोटर शोरूम के कर्मचारी ने फायनेंस की रकम 11 लाख 31 हजार 920 रुपए लेकर युवक के ठगी किया है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी किशनु विराला 42 वर्ष ग्राम जेवरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि टाटा मंगलम शोरूम टाटीबंध के कर्मचारी तेजप्रताप सिंह ने प्रार्थी से डम्फर वाहन फायनेंस कराने के नाम पर 11 लाख 31 हजार 920 रुपए ले लिया और ना ही वाहन दिया और ना ही पैसा वापस किया। जिससे प्रार्थी ने इसकी शिकायत थाने में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ठगी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26